इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

स्वस्तिक ऑफसेट & स्क्रीन प्रिंट
उत्कृष्ट एवं कलात्मक छपाई हेतु...
पता : बल्देव बाग, राजनांदगांव मो. 93004-14726

वर्ष- 45 | अंक - 230 | राजनांदगांव, बुधवार 08 जुलाई 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# 'कुछ-कुछ होता है' से भारत-इंडोनेशिया रिश्तों का जिक्र, 20 समझौतों और ब्रह्मोस-अस्त्र मिसाइल डील पर लगी मुहर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंडोनेशिया यात्रा ने भारत-इंडोनेशिया संबंधों को नई मजबूती दी है। जकार्ता में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इंडोनेशिया में बॉलीवुड फिल्म 'कुछ-कुछ होता है' बेहद लोकप्रिय है, लेकिन जब भारत और इंडोनेशिया साथ मिलकर आगे बढ़ते हैं तो सिर्फ कुछ-कुछ नहीं, बल्कि बहुत कुछ होता है।

वहीं, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने पीएम मोदी की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि वे उनकी कई सफल योजनाओं को अपनाने की कोशिश कर रहे हैं। दोनों नेताओं की मौजूदगी में भारत और इंडोनेशिया के बीच 20 अहम समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। साथ ही ब्रह्मोस मिसाइल सहयोग को भी विस्तार मिला, जिससे इंडोनेशिया फिलीपींस और वियतनाम के बाद ब्रह्मोस हासिल करने वाला तीसरा देश बन गया। यह दौरा रणनीतिक साझेदारी, रक्षा सहयोग, व्यापार और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में दोनों देशों की बढ़ती भूमिका का बड़ा संकेत माना जा रहा है। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने भारत-इंडोनेशिया के तेजी से मजबूत होते रिश्तों और पीएम मोदी



मोदी को मिला इंडोनेशिया का सर्वोच्च सम्मान

के वैश्विक नेतृत्व का सम्मान करते हुए उन्हें इंडोनेशिया के सर्वोच्च सम्मान 'बिन्तांग अदिपूर्णा ऑफ रिपब्लिक ऑफ इंडोनेशिया' मेडल से नवाजा है। यह सम्मान वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती साख और पीएम मोदी की कूटनीतिक सफलता का एक और बड़ा प्रमाण है।

### भारत और इंडोनेशिया का भविष्य साथ-साथ

इंडोनेशियाई संसद में संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत और इंडोनेशिया केवल पड़ोसी देश नहीं, बल्कि साझा इतिहास, संस्कृति और मूल्यों से जुड़े हुए राष्ट्र हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का भविष्य और चुनौतियां एक जैसी हैं तथा आपसी भरोसा ही इस साझेदारी की सबसे बड़ी ताकत है। पीएम मोदी ने यह भी बताया कि भारत के ग्रेट निकोबार द्वीप और इंडोनेशिया के आचेह क्षेत्र के बीच की दूरी करीब 150 किलोमीटर है, जो दोनों देशों की भौगोलिक निकटता को दर्शाती है।

### इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में साझेदारी पर जोर

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और इंडोनेशिया स्वतंत्र, खुले और समावेशी इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के समर्थक हैं। उन्होंने समुद्री सुरक्षा, नेविगेशन की स्वतंत्रता और नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था को मजबूत बनाने की जरूरत पर बल दिया। दोनों देशों ने क्षेत्रीय स्थिरता, व्यापारिक मार्गों की सुरक्षा और समुद्री सहयोग को आगे बढ़ाने पर भी सहमति जताई। भारत और इंडोनेशिया ने अपने संयुक्त बयान में आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को दोहराया। दोनों देशों ने टेरर फंडिंग, ऑनलाइन कट्टरपंथ, नई तकनीकों के दुरुपयोग और अंतरराष्ट्रीय संगठित (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बद्रीनाथ चढ़ावा चोरी मामले में एक्शन, सबूत मिलने के बाद कमेटी अध्यक्ष का निजी सचिव सस्पेंड

बदरीनाथ (चमोली)। बदरीनाथ मंदिर में चढ़ावे में हेराफेरी करने के आरोपी वैयक्तिक सहायक प्रमोद नौटियाल को निलंबित कर दिया गया है। वहीं गढ़वाल आयुक्त आनंद स्वरूप की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति को जांच सौंपी गई। समिति 15 दिन के भीतर सरकार को जांच रिपोर्ट सौंपेगी।



तीन सदस्यीय समिति को सौंपी जांच


मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बदरीनाथ मंदिर में वित्तीय अनियमितता के आरोपों का सख्त संज्ञान लिया है। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने बदरीनाथ मंदिर में चढ़ावे में हेराफेरी के आरोपी वैयक्तिक सहायक प्रमोद नौटियाल को निलंबित कर दिया है। बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी की ओर से जारी आदेश के अनुसार नौटियाल के विरुद्ध पदीय दायित्वों के निर्वहन में प्रथम दृष्टया गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आने पर तीन जुलाई 2026 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। साथ ही मामले की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच के लिए चार सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया। प्रारंभिक परीक्षण में आरोपों की पुष्टि होने पर निलंबन की कार्रवाई कर नौटियाल को बीकेटीसी कार्यालय जोशीमठ में संबद्ध किया गया है। निलंबन अवधि में सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नहीं होगी और उन्हें अनिवार्य रूप से जांच में सहयोग देना होगा।

### मुख्यमंत्री के निर्देश पर उच्चस्तरीय समिति गठित

बदरीनाथ धाम में चढ़ाने में अनियमितता मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर शासन ने मामले की गहन जांच के लिए तीन सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। आयुक्त गढ़वाल मंडल आनंद स्वरूप की अध्यक्षता में समिति में प्रबंध निदेशक एनएचएम संदीप तिवारी, स्वास्थ्य महानिदेशक के निदेशक (वित्त) जगत सिंह चौहान सदस्य होंगे। सचिव पर्यटन धीराज गर्ब्याल ने आदेश कर समिति से 15 दिनों में जांच रिपोर्ट शासन को सौंपने के निर्देश दिए हैं। जांच के दौरान आवश्यकता पड़ने पर समिति किसी भी अधिकारी, विशेषज्ञ (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# राम मंदिर चंदा चोरी पर चंपत राय ने चुप्पी तोड़ी, कहा- मैंने मौन धारण किया

अयोध्या। अयोध्या के राम मंदिर चंदा चोरी मामले में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय ने आखिरकार मंगलवार को अपनी चुप्पी तोड़ी। उन्होंने राम भक्तों के नाम एक पाती साझा कर कहा कि उनके ऊपर अनेकों लोगों द्वारा अनर्गल आरोप लगाए जा रहे हैं, इसलिए मौन धारण कर लिया है। उन्होंने 17 लाइन के पत्र में लिखा कि विशेष जांच दल (एसआईटी) की अंतिम रिपोर्ट आने पर वह सिलसिलेवार तरीके से हर सवाल का जवाब देंगे।



राय ने पत्र में लिखा, पिछले 7 जून, 2026 से, श्री रामजन्मभूमि मन्दिर परिसर के दानपात्र की गणना के समय की गई चोरी के संबंध में अनेक प्रकार की चर्चाएं चल रही हैं, व्यक्तिगत मेरे ऊपर अनेको ने अनर्गल आरोप लगाए हैं, मैंने मौन धारण कर लिया है। उन्होंने लिखा, मन्दिर ट्रस्ट की 6 जलाई को सम्पन्न बैठक में एसआईटी की प्राथमिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, यह रिपोर्ट अब सार्वजनिक हो चुकी है. यद्यपि यह परम गोपनीय थी। राय ने आगे लिखा, आप सभी कह आश्वस्त करता हूं कि एसआईटी की अन्तिम रिपोर्ट आने के बाद, फैलाए जा रहे, सभी बिंदुओं पर अपना उत्तर क्रमानुसार दूंगा। सभी सत्य सामने आ जाएगा। राय ने लिखा कि वह अक्टूबर 1991 में संगठन द्वारा अयोध्या भेजे गए थे। उनका 45 साल का प्रचारक जीवन है। वह जहां-जहां रहे उनका जवीन खुली किताब रहा है। बता दें कि राय और ट्रस्टी सदस्य अनिल मिश्रा का इस्तीफा ट्रस्ट ने स्वीकार कर लिया है।

# ममता साहू बनी राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ में निगम, आयोग और मंडल अध्यक्षों की लिस्ट जारी

रायपुर(दावा)। छत्तीसगढ़ सरकार ने लंबे इंतजार के बाद राज्य में राजनैतिक नियुक्तियां की हैं। राज्य सरकार ने निगम, मंडल और आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की घोषणा की है। ममता साहू को राज्य महिला आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, रायपुर विकास प्रधिकरण का उपाध्यक्ष डॉ जेपी शर्मा को नियुक्त किया गया है। लंबे समय से भाजपा नेता इस लिस्ट का इंतजार कर रहे थे। अब उनके इंतजार की घड़ियां खत्म हो गई हैं। सरकार ने निगम, मंडल और आयोगों में की गई नियुक्तियां की लिस्ट जारी कर दी है।



नियुक्तियों में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ राज्य केश शिल्पी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष गौरीशंकर श्रीवास, सदस्य देवशरण सेन, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ ममता साहू, छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष रामलाल चौहान, उपाध्यक्ष वेदराम मनहरे, सदस्य सुरेश सिंह जागृत, दुर्गी महेश्वर और दयावंत धर बांधे, छत्तीसगढ़ मधुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष आनंद निषाद, सदस्य नेतराम निषाद, छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्या मंडल, रायपुर के अध्यक्ष राजेश कुमार राजपूत, सदस्य सुमन मुधा, शाकंभरी बोर्ड के अध्यक्ष राजेन्द्र नायक, सदस्य बसंत पटेल, प्रेमलाल पटेल, संतोष पटेल और प्रेम पटेल, छत्तीसगढ़ राज्य शिक्षा आयोग के अध्यक्ष सुधीर वोहरे, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य मनमथ नाथ शर्मा, छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की सदस्य प्रसन्ना अवस्थी। रायपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. जे.पी. शर्मा, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के उपाध्यक्ष किशोर महानंद को बनाया गया है। गौसेवा आयोग के उपाध्यक्ष आनंद कुमार तिवारी (राजीव लोचन दास महाराज) बने है। छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष मंगल दास ठाकुर को बनाया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने लंबे इंतजार के बाद निगम, मंडल, आयोग और बोर्ड (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# अमेरिका-ईरान युद्धविराम के बीच होर्मुज में 24 घंटे के भीतर 3 टैंकरों पर हमला

तेहरान। अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर के बाद युद्ध रुका हुआ है। इधर ईरान में अयातुल्ला अली खामेनेई की अंतिम विदाई के कार्यक्रम चल रहे हैं, लेकिन वहीं च की समुद्री एजेंसी ने दावा किया है कि बीते 24 घंटे के अंदर होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन टैंकरों पर हमला हुआ है।



ओमान के तट के पास यात्रा के दौरान हमला होने से वहां से गुजर रहे टैंकरों में से एक में आग लग गई। हालांकि ईरान के सरकारी टेलीविजन ने कहा कि लिक्विफाइड नेचुरल गैस (LNG) टैंकर पर चेतावनी को नजरअंदाज करने के बाद हमला किया गया, लेकिन उसने हमले की सीधी जिम्मेदारी नहीं ली।

यूके की समुद्री एजेंसी ने आज मंगलवार, 7 जुलाई को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा, UKMTO को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे एक टैंकर से जुड़ी एक और घटना की जानकारी मिली है।

एजेंसी ने आगे बताया, टैंकर पर एक अज्ञात बिना चालक वाले हवाई वाहन से हमला किया गया, जिससे उसे मामूली ढांचागत नुकसान पहुंचा है। किसी के हताहत होने या पर्यावरण पर असर पड़ने की कोई खबर नहीं है और जहाज अपने अगले बंदरगाह की ओर बढ़ रहा है। ये हमला बीते 24 घंटे में तीसरे टैंकर पर हमला था। इससे पहले फारस की खाड़ी के संकरे रास्ते से गुजरते समय दो जहाजों पर हमले हुए थे।

# अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट पर गुजरात हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, 38 आतंकियों की फांसी और 11 की उम्रकैद बरकरार



अहमदाबाद। साल 2008 में अहमदाबाद को दहलाने वाले सीरियल ब्लास्ट मामले में गुजरात हाईकोर्ट ने आज अपना ऐतिहासिक फैसला सुना दिया है। हाईकोर्ट ने स्पेशल कोर्ट के फैसले पर मुहर लगाते हुए इस दिल दहला देने वाले हमले के 38 आतंकियों की फांसी की सजा को बरकरार रखा है। इसके साथ ही 11 अन्य दोषियों की उम्रकैद की सजा भी जारी रहेगी। अदालत ने पीड़ितों के हक में अहम निर्देश देते हुए इस हमले में जान गंवाने वाले 56 मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये और 200 से अधिक घायलों को एक-एक लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है।

### निचली अदालत के फैसले पर हाईकोर्ट की मुहर

कानून के मुताबिक, किसी भी अपराधी की फांसी की सजा पर अमल के लिए हाईकोर्ट की मंजूरी अनिवार्य होती है। इसी के चलते मौत की सजा पाए दोषियों ने निचली अदालत के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जबकि राज्य सरकार ने भी सजा की पुष्टि के लिए याचिका दायर की थी। गौरतलब है कि साल 2022 में सेशन कोर्ट ने 14 साल की लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद इस मामले को 'दुर्लभ से दुर्लभतम' (रेयरेस्ट ऑफ रेयर) मानते हुए 38 आतंकियों को मौत की सजा और 11 को उम्रकैद सुनाई थी। भारतीय न्यायिक इतिहास में यह पहला मौका था जब किसी एक मामले में एक साथ 38 दोषियों को फांसी की सजा दी गई थी।

### 70 मिनट में 21 धमाकों से दहल उठा था शहर

26 जुलाई 2008 का वह काला दिन आज भी लोगों के जेहन में ताजा है, जब अहमदाबाद शहर महज 70 मिनट के भीतर एक के बाद एक हुए 21 बम धमाकों से कांप उठा था। इस बर्बर आतंकी हमले में 56 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी और 200 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। आतंकियों ने एक सुनियोजित साजिश के तहत नरोदा, बापू नगर, सरखेज और हटकेश्वर जैसे अत्यधिक भीड़भाड़ वाले इलाकों को अपना निशाना बनाया था। हमलावरों ने इस क्रूर वारदात को अंजाम देने के लिए साइकिलों पर रखे टिफिन बॉक्स में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# देश में 17 जुलाई से शुरू होगी पहली हाइड्रोजन ट्रेन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिखाएंगे हरी झंडी

नई दिल्ली। भारत स्वच्छ और हरित परिवहन की दिशा में एक नया इतिहास रचने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को देश की पहली हाइड्रोजन संचालित रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाएंगे। यह रेलगाड़ी हरियाणा के जींद और सोनीपत के बीच संचालित होगी। हाइड्रोजन ईंधन कोशिका तकनीक पर आधारित यह रेलगाड़ी लगभग शून्य प्रदूषण के साथ यात्रा कराएगी और भारतीय रेलवे के हरित परिवहन अभियान तथा 'मेक इन इंडिया' पहल का महत्वपूर्ण प्रतीक बनेगी।



5 से 25 रुपये तक होगा किराया, धुआं नहीं केवल जलवाष्प निकलेगी

रेल मंत्रालय के अनुसार यह परियोजना स्वदेशी तकनीक पर आधारित है और पर्यावरण संरक्षण के साथ आधुनिक रेल परिवहन की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। यदि यह पायलट परियोजना सफल रहती है तो भविष्य में देश के अन्य रेल मार्गों पर भी ऐसी रेलगाड़ियों का संचालन किया जाएगा। भारतीय रेलवे ने इस रेलगाड़ी का किराया आम यात्रियों को ध्यान में रखते हुए निर्धारित किया है। टिकट का किराया मात्र 5 रुपये से 25 रुपये तक रहेगा। लगभग 90 किलोमीटर लंबे जींद-सोनीपत रेलमार्ग की यात्रा यह रेलगाड़ी लगभग एक घंटे में पूरी करेगी, जबकि वर्तमान में चलने वाली डीजल बहु-इकाई रेलगाड़ी को यही दूरी तय करने में लगभग दो घंटे लगते हैं। रेलगाड़ी में लगभग 2,500 यात्रियों के सफर की क्षमता होगी, जिससे इस मार्ग के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। इस रेलगाड़ी में 1,200 किलोवाट क्षमता की हाइड्रोजन ईंधन कोशिका प्रणोदन प्रणाली लगाई गई है। इसमें डीजल के स्थान पर हाइड्रोजन और ऑक्सीजन की रासायनिक प्रक्रिया से बिजली उत्पन्न होगी। इस प्रक्रिया में केवल जलवाष्प और ऊष्मा निकलती है, जिससे धुआं अथवा कार्बन उत्सर्जन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# एच1बी वीजा, ग्रीन कार्ड और स्टूडेंट वीजा पर ट्रंप सरकार बना रही नए रूल, भारतीयों पर होगा सबसे ज्यादा असर

वॉशिंगटन। अमेरिकी सरकार एच1बी वीजा, ग्रीन कार्ड और स्टूडेंट वीजा के नियमों को और सख्त करने की योजना बना रही है। डोनल्ड ट्रंप की सरकार के इन नए नियमों से भारतीयों पर सबसे ज्यादा असर पड़ सकता है।




ट्रंप प्रशासन इमिग्रेशन नियमों में बदलाव का एक नया दौर शुरू करने की तैयारी कर रहा है। इससे एच 1बी वीजा प्रोग्राम, नौकरी पर आधारित ग्रीन कार्ड, विदेशी छात्रों के वीजा की अवधि और उन्हें मिलने वाले ऑप्शनल ट्रेनिंग प्रोग्राम में बड़े बदलाव हो सकते हैं।

### वीजा को लेकर ट्रंप सरकार बदल रही नियम

ट्रंप सरकार के नए नियमों के लागू होने से एम्प्लॉयमेंट ऑथराइजेशन डॉक्यूमेंट्स का ऑटोमैटिक एक्सटेंशन भी खत्म हो जाएगा। अगर ये प्रस्ताव लागू होते हैं, तो भारतीय प्रोफेशनल्स और छात्रों पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ने का अनुमान है। अमेरिकी सरकार के ये नए नियम स के होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट, लेबर डिपार्टमेंट और स्टेट डिपार्टमेंट के हालिया रेगुलेटरी एजेंडा का हिस्सा हैं। अमेरिका में आने वाले महीनों के लिए प्रशासन की इमिग्रेशन से जुड़ी प्राथमिकताओं के बारे में बताया जा सकता है। हालांकि इसे लेकर समय-सीमा अभी तय नहीं हुई है। सरकार को इन नियमों को लागू करने के पहले प्रस्तावों को कानून बनाना होगा। इसके लिए औपचारिक प्रक्रिया होगी, जिसमें अभी समय लग सकता है। इसके बाद ही प्रशासन की भावी दिशा का सबसे स्पष्ट संकेत मिल सकता है। अमेरिकी सरकार के सबसे ज्यादा ध्यान खींचने वाले प्रस्तावों में से एक एच1बी प्रोग्राम है, जिसके अगस्त में जारी होने की उम्मीद है। DHS की योजना है कि सालाना 85,000 एच1बी वीजा की सीमा (कैप) से कुछ छूट के लिए पात्रता नियमों को कड़ा किया जाए। अमेरिका में मौजूदा समय में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# नर्मदा परियोजना का दशकों पुराना विवाद सुलझा, अमित शाह की मौजूदगी में 4 राज्यों के सीएम ने किया समझौता

नई दिल्ली। नर्मदा नदी परियोजना को लेकर चार राज्यों के बीच दशकों से चला आ रहा गतिरोध आखिरकार खत्म हो गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में नदी से लगे हुए चार राज्यों मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र के बीच लंबित मुद्दों पर सहमति बनी। इस सहमति के साथ ही जमीन के मुआवजे और परियोजना के डूब क्षेत्र में रहने वाले लोगों के विस्थापन से जुड़ा दशकों पुराना विवाद हमेशा के लिए सुलझ गया है। समझौते में शामिल चारों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने बैठक में हिस्सा लिया।



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में दिल्ली में हुई अहम बैठक में नर्मदा नदी से जुड़े चार राज्यों मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र के बीच लंबे समय से लंबित नर्मदा परियोजना के विवादों पर महत्वपूर्ण समझौता हो गया। इस समझौते के साथ ही जलमग्न क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के पुनर्वास और भूमि मुआवजे से जुड़ा दशकों पुराना विवाद सुलझ गया है। बैठक में शामिल सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने अमित शाह के नेतृत्व और मार्गदर्शन में विवाद के सर्वसम्मत समाधान पर सहमति जताई। केंद्र सरकार का कहना है कि राज्यों के बीच वर्षों से चले आ रहे जल विवादों को बातचीत के जरिए सुलझाने की दिशा में लगातार प्रगति हो रही है। हाल के समय में हिमाचल प्रदेश की किशाऊ बांध परियोजना और राजस्थान-हरियाणा के बीच जल बंटवारे जैसे पुराने मामलों में भी सहमति बनी है। सरकार का मानना है कि ऐसे समझौतों से विकास परियोजनाओं में तेजी आएगी और प्रभावित लोगों को लंबे समय से लंबित राहत मिल सकेगी।

### 34000 करोड़ की यमुना जल परियोजना का रास्ता साफ

इससे पहले 29 जून को राजस्थान और हरियाणा के बीच यमुना जल समझौता हुआ था। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उपस्थित रहे। इससे लगभग तीन दशक से लंबित यमुना जल परियोजना को गति मिलेगी। लगभग 34,000 करोड़ रुपए की लागत वाली ऐतिहासिक परियोजना राजस्थान के जल इतिहास में मील का पत्थर सिद्ध होगी। इस मौके पर राजस्थान के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# केरलम के वायनाड में सुरंग परियोजना स्थल पर भीषण भूस्खलन; 5 की मौत

वायनाड। केरलम के वायनाड जिले में मंगलवार को भारी बारिश के कारण भूस्खलन हुआ है, जिसमें अब तक 5 लोगों की मौत की खबर सामने आई है। अभी कई लोग मौके पर फंसे हुए हैं। हादसा मेप्पडी के पास कल्लाडी में एक सुरंग सड़क परियोजना स्थल पर मीनाक्षी पुल के पास हुआ है। यहां मलप्पुरम और वायनाड जिलों को जोड़ने वाली अनाक्कोम्पोयिल-मेप्पडी सुरंग परियोजना का काम चल रहा है। मौके पर बचाव दल के कर्मी मौजूद हैं। भूस्खनल के बाद कलपेट्टा से अग्निशमन एवं बचाव सेवा कर्मी तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। अग्निशमन और बचाव सेवा, पुलिस और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीमें बचाव अभियान चला रही हैं। स्थानीय निवासियों ने घटनास्थल से 3 लोगों को बचाया है, जो सुरंग परियोजना से जुड़े मजदूर बताए जा रहे हैं। वे मौके पर ठहरे हुए थे। प्रभावित क्षेत्र में कुछ घर और होमस्टे भी हैं। मौके पर 10 लोगों के फंसे होने की संभावना है। घटना के बाद मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने मंगलवार को (शेष पृष्ठ 6 पर...)



कई लोग फंसे, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

## पहला कॉलम...

### वाद-विवाद कर माहौल खराब करने वाला आरोपी गिरफ्तार, सोमनी पुलिस ने भेजा जेल



राजनांदगांव (दावा)। सोमनी पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम नवांगांव मुढ़ीपार में लोगों से वाद-विवाद कर अशांति फैलाने वाले एक असामाजिक तत्व को त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत एक्शन लेते हुए उसे जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है। सोमनी थाना प्रभारी दिलीप पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर के पर्यवेक्षण में जिले में अपराधों की रोकथाम व नियंत्रण के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु नशे के कारोबारियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार धर-पकड़ अभियान चलाया जा रहा है।

#### तुलसीराम साहू के खिलाफ त्वरित एक्शन

इसी अभियान के तहत सोमनी पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम नवांगांव मुढ़ीपार में एक व्यक्ति आम लोगों से अनावश्यक रूप से वाद-विवाद कर रहा है और गांव का माहौल खराब करने का प्रयास कर रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर माहौल बिगाड़ रहे आरोपी तुलसीराम साहू पिता गिरधारी राम साहू उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम नवांगांव मुढ़ीपार को हिरासत में लिया। आरोपी की हरकतों को देखते हुए पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 170 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### राजनांदगांव जिले में अब तक 1708.2 मिमी वर्षा दर्ज, राजनांदगांव तहसील में सबसे ज्यादा बारिश

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 1708.2 मिमी बारिश एवं औसत 244 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 273.9 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 289.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 332.5 मिमी, घुमका तहसील में 122 मिमी, छुरिया तहसील में 200.8 मिमी, कुमरदा तहसील में 259.3 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 230.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 332.5 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह आज राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 40.5 मिमी एवं औसत 5.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील में 8.7 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 3 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 8.1 मिमी, घुमका तहसील में 9.5 छुरिया तहसील में 1.2 मिमी, कुमरदा तहसील में 4 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 6 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक वर्षा घुमका तहसील में 9.5 मिमी दर्ज की गई है।

### विद्यार्थी उत्कर्ष योजना चयन परीक्षा का परिणाम जारी, दावा-आपत्ति की अंतिम तिथि 9 जुलाई

राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आयोजित चयन परीक्षा का परिणाम जारी किया गया है। परीक्षा परिणाम का अवलोकन कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जिला राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के सूचना पटल एवं जिले की वेबसाईट पर किया जा सकता है। अभ्यर्थी जारी परीक्षा परिणाम के संबंध में दावा-आपत्ति 9 जुलाई 2026 को शाम 5 बजे तक संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है।

### राजेन्द्र सिंह ठाकुर का निधन



डोंगरगांव (दावा)। नगर के सेवानिवृत प्रधानपाठक एवं क्षत्रिय समाज संरक्षक राजेन्द्र सिंह ठाकुर का 6 जुलाई की देर रात्रि को आकस्मिक हृदयघात से निधन हो गया है। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। 7 जुलाई को प्रातः उनकी अंतिम यात्रा में परिजन, नगर के जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठजनों सहित बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। उनका अंतिम संस्कार नगर के मुक्तिधाम में किया गया।







## पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन में लाएं तेजी : कलेक्टर



**नगरीय निकायों को जलभराव वाले क्षेत्रों में प्रभावी जल निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश, जिले में 4,281 किशोरी बालिकाओं को लगा एचपीवी वैक्सीन**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए सभी नगरीय निकायों में जलभराव वाले स्थानों का चिन्हांकन कर प्रभावी जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन 1076, मुख्यमंत्री जनदर्शन, जन शिकायतों, सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों, साप्ताहिक समय-सीमा, पीजीएन, पीजी पोर्टल एवं जनदर्शन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने सभी मामलों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विधानसभा सत्र से संबंधित प्रश्नों के उत्तर निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने तथा सभी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के आधार सत्यापन का कार्य प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का परीक्षण शीघ्र पूर्ण कर पात्र हितग्राहियों के घरों में सोलर पैनल स्थापना का कार्य तेजी से कराया जाए। उन्होंने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की देरी अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने प्राकृतिक सौर ऊर्जा के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए वार्डों एवं ग्राम पंचायतों में नियमित रूप से सूर्यघर सभाएं आयोजित करने तथा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों के बिजली व्यय में कमी लाने वाली महत्वपूर्ण योजना है। जिले में अब तक 3 हजार 828 हितग्राहियों के यहां सोलर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं। जिससे वे स्वयं ऊर्जा उत्पादक बन चुके हैं और उन्हें अतिरिक्त बिजली उत्पादन से आर्थिक लाभ भी मिल रहा है। उन्होंने अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करने के लिए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले में संचालित एचपीवी टीकाकरण अभियान की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा संचालित इस अभियान के तहत किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए निःशुल्क टीका लगाया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को अभिभावकों एवं बच्चों को एचपीवी वैक्सीन के महत्व के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह वैक्सीन भविष्य में गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए अत्यंत प्रभावी है। जिले में अब तक 4 हजार 281 किशोरी बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण किया जा चुका है। कलेक्टर ने हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की स्क्रीनिंग का कार्य अनिवार्य रूप से तेज गति से करने के निर्देश दिए। उन्होंने हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की समय पर सोनोग्राफी, उपचार, आवश्यक दवाइयों एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही उनके स्वास्थ्य की प्रतिदिन मोबाइल के माध्यम से मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ एम.भार्गव, एसडीएम राजनांदगांव गौतम पाटिल, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोराम सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## घुमका पुलिस ने अपहत नाबालिग को सुरक्षित निकाला, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**वर्ष 2023 से लंबित था अपहरण का मामला, तकनीकी सहायता से पुलिस ने आरोपी को दबोचकर भेजा जेल**



राजनांदगांव (दावा)। घुमका पुलिस ने नाबालिग बालिका और महिला सुरक्षा से जुड़े एक गंभीर मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने वर्ष 2023 से लापता एक अपहरण पीड़ित नाबालिग बालिका को सुरक्षित बरामद कर लिया है, वहीं मामले के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है। मामले की पृष्ठभूमि के अनुसार वर्ष 2023 में पीड़ित बालिका के परिजनों ने घुमका थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी नाबालिग पुत्री को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया है। परिजनों की रिपोर्ट पर घुमका पुलिस ने तत्कालीन समय में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 363 (अपहरण) भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की थी।

मामला नाबालिग बालिका और महिला सुरक्षा से संबंधित होने के कारण पुलिस प्रशासन द्वारा इसे अत्यंत गंभीरता से लिया जा रहा था। पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता (साइबर सेल) और मुखबिरों की मदद से लगातार सुराग जुटाए। जिसके बाद आखिरकार अपहता और आरोपी को ढूंढ निकाला गया। विवेचना के दौरान और पीड़िता के बयान के आधार पर यह तथ्य सामने आया कि आरोपी ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर जबरदस्ती अपने पास रखा था और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मामले में पूर्व दर्ज धाराओं के साथ भादवि की धाराएं 366 (शादी या अवैध संबंध के लिए मजबूर करना), 376(1), 376(2)झ (दुष्कर्म), पाक्सो एक्ट धारा 4(2), 6(1) और 8 (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम) को जोड़ा। नाबालिगों और महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर पुलिस का रुख बेहद सख्त है। आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर मंगलवार 7 जुलाई को उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को राजनांदगांव न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पीड़िता को सुरक्षित रेस्क्यू कर परिजनों की मौजूदगी में सुरक्षा प्रदान की गई है।

## रायपुर के विशेषज्ञ डॉ. पंकज पटेल 9 जुलाई को देंगे परामर्श, बड़ी संख्या में मरीजों ने कराया अग्रिम पंजीयन

**उदयाचल-एमएमआई नारायणा की हड्डी एवं जोड़ विशेषज्ञ ओपीडी को मिल रहा उत्कृष्ट प्रतिसाद**

राजनांदगांव (दावा)। उदयाचल हेल्थ एंड रिसर्च इंस्टिट्यूट, राजनांदगांव एवं एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 9 जुलाई को आयोजित होने वाली हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ ओपीडी को लेकर जिलेवासियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इस विशेष शिविर को जनता का शानदार प्रतिसाद मिल रहा है। जिसके चलते ओपीडी के लिए बड़ी संख्या में मरीजों ने पहले ही अपना अग्रिम पंजीयन करा लिया है और नए पंजीयनों का सिलसिला लगातार जारी है।

#### रायपुर के विशेषज्ञ देंगे सेवाएं

इस विशेष ओपीडी में एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर के ख्यातिलब्ध हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. पंकज पटेल अपनी सेवाएं देंगे। वे गुरुवार को प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक उदयाचल संस्थान में उपस्थित रहकर मरीजों का गहन परीक्षण करेंगे और उन्हें विशेषज्ञ परामर्श प्रदान करेंगे। ओपीडी के दौरान मुख्य रूप से निम्नलिखित समस्याओं से पीड़ित मरीजों का विशेषज्ञ उपचार एवं मार्गदर्शन उपलब्ध रहेगा। जिसमें घुटनों और कूल्हों का पुराना दर्द, आर्थराइटिस (गठिया) की समस्या, अन्य जोड़ों का दर्द और जकड़न व पुराने या जटिल फ्रैक्चर तथा हड्डियों से संबंधित विभिन्न बीमारियां आदि का उपचार किया जाएगा।

#### सीमित स्लॉट शेष, ऐसे कराएं पंजीयन

संस्थान प्रबंधन के अनुसार पूर्व में आयोजित की गई सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी को मिले मरीजों के अपार विश्वास के चलते इस बार भी रिकॉर्ड संख्या में अग्रिम बुकिंग हुई है। संस्था के जनसंपर्क प्रभारी गुरदीप सिंह बग्गा ने जानकारी दी कि जो मरीज इस ओपीडी का लाभ उठाना चाहते हैं। वे सीमित शेष स्लॉट के लिए मोबाइल नंबर 78696-35477 एवं 84693-36000 पर तत्काल संपर्क कर अपना पंजीयन सुनिश्चित कर सकते हैं।

### छत्तीसगढ़ में फिर से बरसेंगे मेघराज, अगले 24 घंटो में होगी भारी बारिश संभावना

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर मानसून सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई हिस्सों में अगले 24 घंटों के दौरान भारी बारिश की संभावना जताई है। इसके साथ ही गरज-चमक, तेज हवाओं और आकाशीय बिजली गिरने की भी चेतावनी जारी की गई है। विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और खराब मौसम के दौरान अनावश्यक रूप से घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अलर्ट के बाद प्रशासन भी सतर्क हो गया है। पूरे छत्तीसगढ़ में लगातार 3 दिन तक जमकर बारिश हुई है, जिसके चलते कई शहरों के निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है। लगातार बारिश से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। राज्य की प्रमुख नदियां शिवनाथ और खारून लगातार बारिश के कारण उफान पर हैं। नदी-नालों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल को हाई अलर्ट पर रखा गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया जा सके।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं युवराज सिंह राजपूत पिता संतोष सिंह राजपूत उम्र 24 वर्ष प्रभात नगर वार्ड नं. 38, राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव का रहने वाला हूँ। मैने ईस्लाम धर्म विधिवत ग्रहण कर लिया है और मैंने अपना नाम युवराज सिंह राजपूत से बदलकर गुलाम समद अली पिता संतोष सिंह राजपूत रख लिया है। अब मुझे इस नाम से जाना जाए।

युवराज उर्फ गुलाम समद अली
पता-प्रभात नगर, वार्ड नं. 38
तहसील व जिला-राजनांदगांव

### शुभांक

बी. के.
1-6-8
566-7 357-5
राजधानी
2-4-0
120-3 790-6

अनुमानित

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### // आम सूचना //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार (विक्रेता) संतोष कुमार पिता श्री जवाहरलाल लखवानी, निवासी- शुक्ला कॉम्पलेक्स, रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.) के नाम व स्वामित्व में ग्राम- बोरी, तहसील एवं जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) में कृषि भूमि स्थित है, जिसका खसरा नम्बर-373/4, रकबा-0.145 हेक्टेयर है जिसे मेरे पक्षकार ने विक्रय करने का पक्का सौदा क्रेता- श्री कुंजलाल साहू पिता श्री सोनसाय साहू, निवासी- ग्राम मोहबा, तहसील व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) के साथ दिनांक- 20/06/2026 को कर बयाना राशि प्राप्त कर लिया गया है, जिसके विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना शेष है। उक्त संव्यवहार में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था, बैंक, निकाय आदि को कोई आपत्ति हो तो वे उक्त प्रकाशन के 20 दिवस के भीतर मय दस्तावेजों के अपनी लिखित आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त 20 दिवस की अवधि के समाप्ति पश्चात की गयी कोई भी आपत्ति या दावा अमान्य होगी तथा वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी, अवधि अवसान पश्चात मेरे पक्षकार क्रेता के पक्ष में पंजीयन विक्रय पत्र का निष्पादन कराने हेतु अधिकृत एवं स्वतंत्र हो जावेंगे। अतएव सूचना जाने।

स्थान - राजनांदगांव (छ.ग.)
दिनांक- 07/07/2026

भवदीय
रवि बरैया (अधिवक्ता)
8वीं बटालियन, पेन्ड्री,
राजनांदगांव (छ.ग.)
मो. 75669-78727

## स्वास्तिक समिति की बैठक संपन्न : जल्द बनेगी जिला और शहर की नवीन कार्यकारिणी

**समाजसेवा और गौसेवा को मिलेगा बल, वर्षा ऋतु में हादसों से गौवंश को बचाने हाईवे टीमें रहेंगी अलर्ट**



राजनांदगांव (दावा)। वर्षों से जिले में अपने समाज कल्याण और गौसेवा के कार्यों से अलग पहचान बनाने वाली स्वास्तिक जनसमर्पण सेवा समिति द्वारा महत्वपूर्ण कार्यसमिति की बैठक संपन्न की गई। बैठक में समाज सेवा के कार्यों का दायरा बढ़ाने, वर्षा ऋतु में गौवंश के होने वाले एक्सीडेंट्स को रोकने, पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों में वृद्धि करने और समिति के संगठनात्मक विस्तार को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए।

ऋतुओं के अनुसार बना सेवा कैलेंडरसमिति के प्रदेश संयोजक अंशुल कसार ने बताया कि समिति के सदस्य साल भर सेवा कार्यों में जुटे रहते हैं। कार्यों को अधिक व्यवस्थित करने के लिए अब सभी सेवा गतिविधियों को ऋतुओं के अनुसार 4-4 महीनों में विभाजित कर एक विशेष सेवा कैलेंडर तैयार किया गया है। इसके अनुसार राजनांदगांव शहर सहित पूरे जिले की शाखाओं में गौसेवा और समाज कल्याण के कार्य संचालित किए जाएंगे। उन्होंने विशेष रूप से चिंता जताते हुए कहा कि वर्षा ऋतु में सड़कों पर गौवंश संबंधी हादसे काफी बढ़ जाते हैं। इनके त्वरित उपचार और बेहतर प्रबंधन के लिए स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इसके लिए नेशनल हाईवे क्षेत्र की टीमों को हाई अलर्ट मोड पर रखा जाएगा।

#### निःस्वार्थ कार्यों से जुड़ रहे युवा, दुर्ग-कोरबा तक विस्तार

समिति के प्रदेश कोषाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने जानकारी दी कि संस्था गौसेवा, पर्यावरण और रक्तदान के क्षेत्र में पूरी सक्रियता से काम कर रही है। समय-समय पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित भी किया जाता है। अब तक समिति के सदस्यों और जनसहयोग से ही सारे कार्य संपन्न होते आए हैं। जिनमें और वृद्धि के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। समिति के प्रदेश संरक्षक सुनील सेन ने बताया कि स्वास्तिक समिति के निःस्वार्थ सेवा कार्यों से प्रभावित होकर लगातार युवा इससे जुड़ रहे हैं। वर्तमान में समिति का प्रादेशिक विस्तार हो चुका है और दुर्ग व कोरबा जिलों में भी इसकी शाखाएं शुरू हो गई हैं। जिले के लगभग 5 गांवों में समिति की पूर्ण कार्यकारिणी पहले से ही स्थापित है।

#### नई कार्यकारिणी में जुड़ेंगे सक्रिय समाजसेवी

आगामी वर्ष के लिए जिला और नगर स्तर पर नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इसमें क्षेत्र के सक्रिय समाजसेवियों, युवाओं और नेतृत्वकर्ताओं को शामिल किया जाएगा, ताकि एक स्पष्ट विजन के साथ युवाओं को अच्छे उद्देश्यों से जोड़ा जा सके। समिति ने युवाओं से जुड़ने की अपील की है। इस महत्वपूर्ण बैठक में समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यम मिश्रा, गौरक्षा संयोजक दिव्यांश साहू, सह संयोजक रितेश साहू, वाशु शर्मा, उत्कर्ष मिश्रा, गौरव गुप्ता, प्रदीप दास, अभिवत्त सिंह, अंकुश गुप्ता, सत्यम साव, यमन साहू, गोपेन्द्र साहू, चंद्रशेखर साहू, सोहन साहू, कोमल साहू, हर्ष ठाकुर, विनय सिंह राजपूत और पीयूष साहू सहित बड़ी संख्या में गौसेवक और सदस्य उपस्थित थे।

## उप निरीक्षक संवर्ग, सूबेदार एवं प्लाटून कमांडर (प्रारंभिक) परीक्षा 12 को, जिले में सभी तैयारियां पूर्ण

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सूबेदार, उपनिरीक्षक संवर्ग एवं प्लाटून कमांडर (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 का आयोजन 12 जुलाई (रविवार) को प्रातः 10 से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। राजनांदगांव जिले में परीक्षा के लिए 7 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशन में परीक्षा के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। परीक्षा संचालन से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा चुकी है तथा परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं। गोपनीय परीक्षा सामग्री के सुरक्षित संधारण, वितरण एवं परीक्षा उपरांत नियमानुसार संकलन एवं प्रेषण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिला प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय से पर्याप्त पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र पहुंचना सुनिश्चित करें। आयोग के निर्देशानुसार निर्धारित समय के बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। अभ्यर्थी अपने साथ प्रवेश पत्र, वैध फोटो पहचान पत्र तथा आयोग द्वारा अनुमत सामग्री ही लेकर आएं। परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। परीक्षा के सफल संचालन के लिए केन्द्राध्यक्षों, पर्यवेक्षकों एवं नियुक्त अधिकारियों को आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए समय पर परीक्षा केन्द्र पहुंचने तथा परीक्षा के दौरान अनुशासन बनाएं रखने की अपील की है।

### कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)
(प्रथम आमंत्रण)

दुर्ग, दिनांक 30.06.2026

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र 'अ' में प्रतिशत दर पर दिनांक 20.07.2026 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र./ सि.क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 230/194745 | लोक निर्माण विभाग संभाग बालोद के अंतर्गत विभिन्न आवासीय भवनों में एम.ओ.डब्ल्यू. का कार्य (जोनल एजेन्सी) | 25.00 |
| 231/194746 | लोक निर्माण विभाग संभाग बालोद के अंतर्गत विभिन्न गैर आवासीय भवनों में एम.ओ. डब्ल्यू, का कार्य (जोनल एजेन्सी) | 25.00 |
| 232/194747 | लोक निर्माण विभाग संभाग बालोद के अंतर्गत विभिन्न गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई एवं रंगरोगन का कार्य (जोनल एजेन्सी) | 24.23 |
| 233/194749 | लोक निर्माण विभाग संभाग बालोद के अंतर्गत विभिन्न भवनों में रंगाई पोताई एवं रंगरोगन का कार्य (जोनल एजेन्सी) | 29.87 |
| 234/194750 | लोक निर्माण विभाग संभाग बालोद के अंतर्गत विभिन्न आवासीय भवनों में रंगाई पोताई एवं रंगरोगन का कार्य (जोनल एजेन्सी) | 17.61 |
| 235/194751 | लोक निर्माण विभाग संभाग बालोद के अंतर्गत विभिन्न भवनों में रंगाई पोताई एवं रंगरोगन का कार्य (जोनल एजेन्सी) | 35.64 |
| 236/194752 | कवर्धा जिला कबीरधाम के आई.टी.आई. मुख्य मार्ग भवन के शेष निर्माण कार्य। | 50.31 |
| 237/194753 | लोक निर्माण विभाग संभाग कवर्धा के अंतर्गत विभिन्न सड़को एवं पुल-पुलियों में साधारण मरम्मत कार्य। | 24.99 |
| 238/194754 | लोक निर्माण विभाग संभाग कवर्धा के अंतर्गत सड़क मरम्मत, पुल-पुलिया मरम्मत एवं सुरक्षात्मक कार्य। | 50.00 |
| 239/194829 | बेमेतरा उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गो का विशेष मरम्मत कार्य (जोनल एजेन्सी)। | 80.00 |
| 240/194830 | उदस प्रसाद उदय शासकीय पॉलिटेक्निक दुर्ग में विभिन्न शैक्षणिक संस्थान एवं छात्रावास / आश्रम के अनुरक्षण (मरम्मत) एवं विस्तार कार्य। | 12.42 |

टीपः- 1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग

जी- 262701942/4

# लोकार्पण से पहले ही दरका भाजपा के विकास मॉडल का पुल : कांग्रेस

राजनांदगांव (दावा)। बरगा के समीप लगभग 22 करोड़ रुपये की भारी-भरकम लागत से नवनिर्मित रेलवे ओवरब्रिज के लोकार्पण से पूर्व ही मुख्य पुल मार्ग के बीचों-बीच बड़ी-बड़ी दरारें, धंसाव और गड्ढे दिखाई देने का गंभीर मामला सामने आया है। जिस पुल पर अभी नियमित यातायात भी शुरू नहीं हुआ है, उसमें समय से पहले आई इस खराबी ने निर्माण की गुणवत्ता पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

मामले की जानकारी मिलते ही जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विपिन यादव एवं विधायक हर्षिता स्वामी बघेल कांग्रेस नेताओं के साथ मौके पर पहुंचे और स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।



**22 करोड़ के बरगा रेलवे ओवरब्रिज में दरारें और धंसाव, विधायक हर्षिता बघेल और जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने की उच्च स्तरीय जांच व ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की मांग**

### कमियों को सीमेंट डालकर छिपाने का प्रयास : अनीस खान

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनीस खान ने जारी बयान में बताया कि निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आई है कि मुख्य पुल मार्ग के क्षतिग्रस्त हिस्से पर सीमेंट डालकर पैच रिपेयर (मरम्मत) किया जा रहा था। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि निर्माण कार्य स्वीकृत डिजाइन और तकनीकी मानकों के अनुरूप हुआ है तो लोकार्पण से पहले ही मुख्य पुल मार्ग पर दरारें क्यों आईं और उन्हें तत्काल छिपाने की आवश्यकता क्यों पड़ी? दरारों पर सीमेंट भरकर वास्तविक स्थिति को ढंकने का यह प्रयास विभागीय निगरानी और गुणवत्ता परीक्षण की प्रक्रिया पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भराव के दौरान निर्धारित मानकों के विपरीत निम्न गुणवत्ता की मुरुम और मिट्टी का उपयोग किया गया है।


### विपिन यादव और विधायक हर्षिता बघेल ने सरकार को घेरा

कांग्रेस जिलाध्यक्ष विपिन यादव एवं विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि किसी भी पुल की मजबूती उसकी स्वीकृत डिजाइन, गुणवत्तापूर्ण निर्माण सामग्री और उचित कम्पेक्शन (संपीड़न) पर टिकी होती है। उन्होंने भाजपा को घेरते हुए कहा कि केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार है, क्षेत्र के सांसद भाजपा के हैं और यह पुल स्वयं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के विधानसभा क्षेत्र में आता है। इसके बावजूद करोड़ों रुपये के निर्माण कार्य में ऐसी लापरवाही बेहद चिंताजनक है। सांसद महोदय आए दिन जिन पुल-सड़कों का हवाला देकर विकास के बड़े-बड़े दावे करते हैं। बरगा ओवरब्रिज की बदहाली ने उन दावों की हकीकत उजागर कर दी है।

### भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं, पूरे जिले के नए पुलों की हो जांच

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि जनता के टैक्स के पैसों से होने वाले विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारी मांग है कि इस पूरे मामले की स्वतंत्र एवं उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराई जाए। दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो और ठेकेदार को तुरंत ब्लैकलिस्ट किया जाए। इसके साथ ही जिले में हाल ही में बने अन्य प्रमुख पुलों का भी स्वतंत्र गुणवत्ता परीक्षण होना चाहिए। जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने एलान किया है कि जिला कांग्रेस कमेटी शीघ्र ही एक प्रतिनिधिमंडल के साथ संबंधित उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच और प्रभावित हिस्से के दोबारा तकनीकी मानकों के अनुरूप पुनर्निर्माण की मांग करेगी। निरीक्षण के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनीस खान, पंकज बांधव, कांति बंजारे, दुर्गेश द्विवेदी, विजयराज चौहान, चुम्मन साहू, मतीन खान, अमित अग्रवाल, विष्णु लोधी और अकील मेमन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# अग्रवाल महिला मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित : संतोष अग्रवाल अध्यक्ष व सुषमा अग्रवाल बनीं सचिव


राजनांदगांव (दावा)। अग्रवाल महिला मंडल राजनांदगांव के वर्ष 2026-28 के कार्यकाल के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती संतोष राजेंद्र अग्रवाल ने नई टीम की घोषणा करते हुए सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का आत्मीय अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्होंने महिला मंडल को समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में और अधिक सक्रिय व अग्रणी बनाने का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया।

**वर्ष 2026-28 के लिए हुआ टीम का गठन, समाजसेवा, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक गतिविधियों को मिलेगी नई गति**

### नई कार्यकारिणी में इन्हें मिली जिम्मेदारी

घोषित की गई नई कार्यकारिणी सूची के अनुसार समाज की वरिष्ठ और सक्रिय महिलाओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जिसमें संरक्षिका श्रीमती मणि कमल अग्रवाल, श्रीमती लक्ष्मी नत्थूलाल एवं श्रीमती नीता महेंद्र रुंगटा, अध्यक्ष श्रीमती संतोष राजेंद्र अग्रवाल, सचिव श्रीमती सुषमा रमणीक अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रीमती नीता दीपक अग्रवाल एवं श्रीमती शोभा विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्रीमती सारिका संजय अग्रवाल एवं सहसचिव श्रीमती स्वाति राहुल अग्रवाल एवं श्रीमती बुलबुल राम अग्रवाल आदि है।

### संगठन को मिलेगी नई ऊर्जा और सकारात्मक दिशा

कार्यकारिणी की आधिकारिक घोषणा के बाद उपस्थित सभी सदस्यों ने नई टीम का स्वागत और उत्साहवर्धन किया। बैठक में मौजूद समाज की महिलाओं ने पूर्ण विश्वास व्यक्त किया कि यह नई टीम संगठन को एक नई ऊर्जा एवं सकारात्मक दिशा प्रदान करेगी। आने वाले समय में समाजहित, महिला उत्थान, जनसेवा एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी व भव्य ढंग से संचालित किया जाएगा।

### एकजुटता और नेतृत्व की मजबूत आधारशिला

नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती संतोष राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल महिला मंडल समाज की महिलाओं को एकजुट कर सेवा, संस्कार एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य करेगा। सभी पदाधिकारियों के आपसी सहयोग और समन्वय से संगठन सफलता की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर होगा। महिला संगठन केवल सामाजिक गतिविधियों का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में नेतृत्व और सेवा की मजबूत आधारशिला हैं।

# एनबीआईएस बोरी ने धूमधाम से मनाई अपनी दसवीं वर्षगांठ

राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी ने अपना दसवां स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया। बहुत ही कम समय में इस प्रतिष्ठित संस्थान ने शिक्षा जगत में एक अहम स्थान हासिल किया है। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा 6 जुलाई 2016 को पूरे विधि-विधान के साथ इस स्कूल की नींव रखी गई थी और आज शाला परिवार ने गौरवशाली ढंग से अपने ग्यारहवें वर्ष के शैक्षणिक सत्र में प्रवेश कर लिया है।



**शाला प्रांगण में हुआ भव्य रुद्राभिषेक, 11वें शैक्षणिक सत्र में प्रवेश कर स्कूल ने रचा नया कीर्तिमान**

### रुद्राभिषेक और हवन-पूजन से खुशहाली की कामना

इस दस वर्षों के सफर को यादगार बनाने के लिए स्कूल प्रांगण में विशेष धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी ने अपनी पत्नी व परिवारजनों के साथ शाला प्रांगण में भगवान शिव का रुद्राभिषेक, हवन और विशेष पूजन किया। इस दौरान पूरे शाला परिवार की उन्नति, प्रगति और खुशहाली की कामना की गई।

स्कूल प्रबंधन ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि वर्ष 2016 में शाला ने अपना शैक्षणिक कार्य महज 293 बच्चों के साथ प्रारंभ किया था। अपनी उत्कृष्ट शिक्षा पद्धति और निरंतर प्रयासों के बल पर, वर्तमान समय में एनबीआईएस बोरी, शहर के सभी सीबीएसई स्कूलों में अधिकतम छात्रों के उच्चतम शैक्षणिक स्तर को दर्शाते हुए प्रथम स्थान पर काबिज हो चुका है।

स्थापना दिवस के इस ऐतिहासिक अवसर पर कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए विषय-वार अनेक रचनात्मक गतिविधियों का संचालन किया गया। इसमें बच्चों ने अपनी क्षमता अनुरूप उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसके साथ ही इस 10 वर्ष के सफर को और भी यादगार बनाने के लिए शाला के भूतपूर्व छात्रों ने भी हिस्सा लिया और डिजिटल व अन्य माध्यमों से स्कूल के साथ जुड़ी अपनी पुरानी यादों और भावनाओं को साझा किया।

एनबीआईएस के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी ने कहा कि शिक्षक को सिर्फ किताबी ज्ञान और अध्ययन तक ही सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उसे एक सफल राष्ट्र के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभानी चाहिए।

एनबीआईएस बच्चों को आधुनिक शिक्षा देने के साथ-साथ उनमें संस्कार तथा नैतिक मूल्यों का बीजारोपण करने के लिए पूरी तरह संकल्पित है। इस गरिमामय अवसर पर शाला की डायरेक्टर श्रीमती सोनल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान सहित सभी शिक्षक, एनबी ग्रुप के सदस्य एवं शाला के अन्य कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# घुमका पुलिस की बड़ी कार्रवाई : अपहरण और दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, पीड़िता सुरक्षित बरामद

राजनांदगांव (दावा)। महिला एवं नाबालिग बालिकाओं से संबंधित अपराधों पर अंकुश लगाने और त्वरित कार्रवाई के निर्देश के तहत थाना घुमका पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने वर्ष 2023 से लापता एक नाबालिग पीड़िता को सुरक्षित दस्तायाब करते हुए अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2023 में प्रार्थी ने थाना घुमका में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 363 भादवि (अपहरण) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया था।




**साल 2023 से लापता थी नाबालिग, तकनीकी सहायता से पुलिस ने आरोपी दिलेश्वर टोण्डे को दबोचा, भेजा गया जेल**

### पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता से दबोचा

मामला नाबालिग बालिका से जुड़ा होने के कारण पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के निर्देशन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव श्रीमती मंजूलता बाज के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। थाना प्रभारी निरीक्षक विजय मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार तकनीकी सहायता और मुखबिरों के जरिए अपहृता व अज्ञात आरोपी की तलाश में जुटी थी। आखिरकार पुलिस ने पीड़िता और आरोपी को ढूंढ निकाला।

### बयान के बाद बढ़ीं धाराएं, पाक्सो एक्ट भी लगा

पीड़िता के बरामद होने के बाद उसके बयान दर्ज किए गए। पीड़िता ने बताया कि आरोपी उसे बहला-फुसलाकर जबरदस्ती ले गया था और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके आधार पर पुलिस ने मामले में आरोपी दिलेश्वर टोण्डे (25 वर्ष) निवासी मासूल, थाना घुमका की पहचान की। केस में धारा 366, 376(1), 376(2)झ भादवि और 4(2), 6(1), 8 पॉक्सो एक्ट की धाराएं जोड़ी गईं। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने आरोपी दिलेश्वर टोण्डे को गिरफ्तार कर राजनांदगांव न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

# बरसात में डेंगू-मलेरिया का बढ़ा खतरा, स्वास्थ्य विभाग ने जारी की समसामयिक सलाह

राजनांदगांव (दावा)। स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्षा ऋतु में मौसम में डेंगू एवं मलेरिया से सतर्क रहने एवं बचाव के लिए समसामयिक सलाह दी गई है। वर्षा ऋतु प्रारंभ होते ही डेंगू फैलाने वाले एडीज मच्छरों के प्रजनन की संभावना बढ़ जाती है। डेंगू एवं मलेरिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए समय रहते आवश्यक सावधानी अपना कर डेंगू एवं मलेरिया से परिवार को सुरक्षित रखा जा सकता है। किसी भी व्यक्ति को तेज बुखार, सिर दर्द, शरीर दर्द, आंखों के पीछे दर्द, उल्टी अथवा कमजोरी होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं। डेंगू एवं मलेरिया की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन के साथ नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। नागरिक अपने घरों एवं आसपास पानी जमा नहीं होने दें तथा नियमित रूप से साफ-सफाई बनाए रखें। जिससे मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम प्रभावी ढंग से की जा सकती है। सभी शासकीय विभागों, नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों एवं आमजन से मच्छरजनित रोगों की रोकथाम हेतु संचालित जनजागरूकता एवं स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील की गई है।

**तेज बुखार या सिरदर्द को न करें नजरअंदाज, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने दी सतर्क रहने की हिदायत**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि डेंगू और मलेरिया दोनों ही मच्छरों के काटने से फैलने वाली गंभीर बीमारी हैं। थोड़ी सी लापरवाही बीमारी का कारण बन सकती है, इसलिए प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि घरों, दुकानों, कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर टायर, गमले, नारियल के खोल, पानी की टंकियों, फ्रिज ट्रे, टूटे बर्तन एवं अन्य पात्रों में पानी जमा नहीं होने दें। प्रत्येक सप्ताह ड्राई डे मनाकर पानी की टंकियों एवं कूलरों को खाली कर साफ करें तथा सुखाकर पुनः उपयोग करें। यदि किसी पात्र, गड्ढे अथवा अनुपयोगी स्थान पर जमा पानी में मच्छरों के लार्वा दिखाई दें, तो उस पानी की सतह पर थोड़ी मात्रा में इस्तेमाल योग्य तेल व जला हुआ मोबिल ऑयल डाल सकते हैं। जिससे पानी के ऊपर एक पतली परत बन जाती है। यह परत लार्वा को ऑक्सीजन लेने से रोकती है, जिससे लार्वा नष्ट हो जाते हैं। साथ ही ऐसे स्थानों को तुरंत साफ कर पानी जमा होने से रोकना आवश्यक है। साफ-सफाई बनाए रखें तथा मच्छरों की रोकथाम के उपाय अपनाने कहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि तेज बुखार, सिर एवं आंखों के पीछे दर्द, शरीर एवं जोड़ों में तेज दर्द, त्वचा पर लाल चकत्ते, मतली एवं उल्टी, गंभीर स्थिति में नाक या मसूड़ों से रक्तस्राव, मलेरिया के प्रमुख लक्षण, तेज बुखार के साथ ठंड लगना, अत्यधिक पसीना आना, सिरदर्द, कमजोरी एवं शरीर में दर्द, उल्टी या बेचैनी डेंगू के प्रमुख लक्षण है। डेंगू से बचाव के लिए घर एवं आसपास पानी जमा न होने दें, कूलर, टंकी, गमले एवं अन्य पानी रखने वाले बर्तनों की नियमित सफाई करें, पूरी बांह के कपड़े पहनें, मच्छरदानी एवं मच्छररोधी क्रीम का उपयोग करें, सुबह एवं शाम के समय मच्छरों से विशेष बचाव करें, बुखार आने पर स्वयं दवा न लें, बल्कि तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के बुखार को सामान्य वायरल समझकर नजर अंदाज नहीं करें। बुखार होने पर तुरंत जांच कराएं एवं चिकित्सकीय सलाह लें। समय पर जांच एवं उपचार से डेंगू से होने वाली गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है। नागरिकों से अपने घर, मोहल्ले, गांव एवं कार्यस्थल पर स्वच्छता बनाए रखें तथा मच्छरों के प्रजनन स्थलों को समाप्त करने में जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करने की अपील की है। सामूहिक जनभागीदारी से ही डेंगू एवं मलेरिया जैसी बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है।

## परिजनों के सहमति से बालिकाओं को लगाया जा रहा एचपीवी टीका

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार 14 से 15 वर्ष तक की किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) गंभीर और जानलेवा बीमारी से बचाव के लिए जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में संचालित समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में परिजनों की सहमति से 14 से 15 वर्ष तक की किशोरी बालिकाओं को एचपीवी टीका लगाया जा रहा है। एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत चिकित्सा अधिकारियों एवं क्षेत्रीय कार्यकताओं द्वारा परामर्श कर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में संचालित सभी शासकीय एवं निजी विद्यालयों में अध्ययनरत 14 से 15 वर्ष तक की बालिकाओं का एचपीवी टीका लगाया जा रहा है। एचपीवी टीकाकरण कार्य में प्रगति लाने तथा अभियान में समस्त अभिभावकों एवं संस्था प्रमुखों को सम्मिलित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

# भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के दायित्व से मुक्त होने मनोज निर्वाणी ने जिला अध्यक्ष को लिखा पत्र

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता और जिला भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज निर्वाणी ने संगठन में एक व्यक्ति, एक पद के सिद्धांत का पालन करते हुए एक अनुकरणीय पहल की है। उन्होंने जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत को एक पत्र सौंपकर मांग की है कि उन्हें झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक के दायित्व से तत्काल मुक्त किया जाए।



**एक व्यक्ति-एक पद के सिद्धांत का हवाला देकर राजगामी संपदा के उपाध्यक्ष पद पर बने रहने की इच्छा जताई**

जिला भाजपा अध्यक्ष को लिखे अपने पत्र में मनोज निर्वाणी ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि संगठन ने उन्हें राजगामी संपदा न्यास का उपाध्यक्ष बनाकर एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है और पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, वह उसके प्रति कृतज्ञ हैं। निर्वाणी ने पत्र में स्पष्ट किया कि भाजपा की स्थापित रीति-नीति और एक व्यक्ति, एक पद के सिद्धांत का अक्षरशः पालन करते हुए वे केवल राजगामी संपदा के उपाध्यक्ष पद पर ही केंद्रित रहना चाहते हैं। मनोज निर्वाणी ने संगठन को सौंपे पत्र में व्यावहारिक कठिनाइयों का भी उल्लेख किया है। उनका मानना है कि एक साथ दो महत्वपूर्ण सांगठनिक और प्रशासनिक पदों पर रहने से वे दोनों ही विभागों की बड़ी जिम्मेदारियों के साथ पूरी तरह न्याय नहीं कर पाएंगे। कार्यकुशलता प्रभावित न हो, इसी उद्देश्य से उन्होंने जिला भाजपा अध्यक्ष से आग्रह किया है कि उन्हें झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पद से मुक्त करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान करने की कृपा करें। राजनीतिक गलियारों में मनोज निर्वाणी के इस कदम की सराहना की जा रही है। जिसे संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और अनुशासन से जोड़कर देखा जा रहा है।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की जिला परिषद एवं जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ शाखा राजनांदगांव की जिला परिषद एवं जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला स्काउट-गाइड भवन स्टेट स्कूल राजनांदगांव में आयोजित की गई। बैठक में वार्षिक प्रतिवेदन 2025-26 तथा प्रस्तावित जिला वार्षिक कार्यक्रम 2026-27 का अनुमोदन किया गया। जिला स्तरीय तृतीय सोपान निपुन जांच का आयोजन पर चर्चा की गई। चर्चा उपरांत डोंगरगढ़ विकासखण्ड में जुलाई 2026 के अंतिम सप्ताह में जिला स्तरीय तृतीय सोपान निपुन जांच आयोजित किये जाने निर्णय लिया गया। प्रस्तावित जिला एडवेंचर एवं प्रशिक्षण स्थल भूमि गाजमर्रा डोंगरगढ़ विषय पर चर्चा कर आगामी कार्रवाई किए जाने निर्णय लिया गया। रिक्त पुराने शाला भवन मुसरा डोंगरगढ़ को जिला प्रशिक्षण केन्द्र हेतु मांग प्रस्ताव भेजने निर्णय लिया गया।

बैठक में राज्य उपाध्यक्ष राजेन्द्र गोलछा, जिला अध्यक्ष उमेश हथेल, जिला उपाध्यक्ष राकेश भावते, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती वर्षा अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती उषा चटर्जी, जिला मुख्य आयुक्त महेश खंडेलवाल, जिला कोषाध्यक्ष आलोक बिंदल, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट प्रवास कुमार सिंह बघेल, आजीवन सदस्य प्रतिनिधि डॉ. मिलन टेम्भूरकर, आजीवन सदस्य प्रतिनिधि उत्तम गिड़िया, आजीवन सदस्य प्रतिनिधि संतोष खंडेलवाल, जिला सचिव देवेंद्र अम्बादे, जिला संगठन आयुक्त स्काउट मयूख श्रीवास्तव, जिला संगठन आयुक्त गाइड श्रीमती भारती रजक, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट मुन्नालाल साहू, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड श्रीमती राखी रामटेके, युवा समिति अध्यक्ष सुशील साहू, युवा समिति उपाध्यक्ष सुश्री मेनका साहू, सचिव विकासखण्ड राजनांदगांव प्रवीण साव, सहसचिव डोंगरगढ़ सुश्री सुनीता चंद्राकर, सह सचिव डोंगरगांव मनीष सोनी, श्रीमती रीना लारेंस, तिलेश्वर बघेल, श्रीमती सरिता साहू, प्रदीप जैन उपस्थित थे।

# विश्व प्रसिद्ध पंडवानी गायिका तीजन बाई को कस्तूरबा भवन में दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध और लोक कला को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाली पंडवानी गायिका पद्मविभूषण तीजन बाई के देवलोक गमन पर शहर में शोक की लहर है।



स्थानीय समाजसेवी संस्था कस्तूरबा महिला मंडल द्वारा कस्तूरबा भवन में एक विशेष शोक सभा का आयोजन कर छत्तीसगढ़ी लोक कला के प्रति उनके अतुलनीय अवदान को याद किया गया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उनकी स्मृति को अक्षुण्ण रखने के लिए शाला परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

### कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति : शारदा तिवारी

कस्तूरबा महिला मंडल की संरक्षिका श्रीमती शारदा तिवारी के नेतृत्व में आयोजित इस शोक सभा में समाजसेवी महिलाओं ने तीजन बाई के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। संरक्षिका श्रीमती तिवारी ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि तीजन बाई का जाना संपूर्ण कला जगत और छत्तीसगढ़ की माटी के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कपालिक शैली में पंडवानी गायन को देश-दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचाया। सभा में उपस्थित वक्ताओं ने तीजन बाई के जीवन सफर, उनके कड़े संघर्षों और लोक विधा को वैश्विक मंचों पर प्रतिष्ठित करने की उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति को याद किया। महिलाओं ने कहा कि तीजन बाई आने वाली पीढ़ियों और लोक कलाकारों के लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत बनी रहेंगी। इस भावुक क्षण और शोक सभा में लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अमित खंडेलवाल सहित कस्तूरबा महिला मंडल की सभी कार्यकारिणी सदस्य, प्रबुद्ध नागरिक और बड़ी संख्या में समाज सेवी महिलाएं उपस्थित थी। जिन्होंने मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

## अनमोल दावा

> **सफलता आमतौर पर उन लोगों को मिलती है जो इसे खोजने में बहुत व्यस्त होते हैं।**

# भरोसे की बहाली हो

रामजन्मभूमि ट्रस्ट को दान चोरी के आरोपों पर ठोस फैसले लेने चाहिए, ताकि लोगों का भरोसा बहाल हो। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में केवल महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल कुमार मिश्र के त्यागपत्र पर ही नहीं निर्णय होना चाहिए। इसी के साथ ट्रस्ट को कुछ ऐसे ठोस फैसले भी लेने चाहिए, जिनसे संदेह के बादल छंटे और लोगों को भरोसा हो कि भविष्य में मंदिर के चढ़ावे की देखरेख और हिसाब-किताब समुचित तरीके से होगा। ऐसे फैसले लेना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि चढ़ावा चोरी के प्रकरण ने हिंदू समाज की भावनाओं को बुरी तरह आहत किया है। उसकी आस्था और विश्वास को गहरी चोट पहुंची है। इसकी क्षतिपूर्ति के लिए ट्रस्ट को कठोर से कठोर फैसले लेने में हिचकिचाहट का परिचय नहीं देना चाहिए।

यदि आवश्यक समझा जाए तो ट्रस्ट को भंग कर उसके नए सिरे से गठन की पहल भी की जानी चाहिए। ट्रस्ट के पदाधिकारियों को यह आभास होना चाहिए कि इतने बड़े मामले में उन्होंने अपेक्षित गंभीरता, संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय नहीं दिया। समझना कठिन है कि चढ़ावा चोरी का मामला सामने आने पर बिना किसी छानबीन के उससे इन्कार क्यों किया गया? इसी तरह तत्काल प्रभाव से उच्चस्तरीय जांच की कोई ठोस पहल क्यों नहीं की गई? वास्तव में ऐसे एक नहीं अनेक सवाल हैं, जो ट्रस्ट के पदाधिकारियों और उनकी कार्यशैली को कठघरे में खड़ा करते हैं। महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल कुमार मिश्र के त्यागपत्र पर फैसला लेने में भी एक तरह से देरी ही की गई। आखिर इन दोनों लोगों की ओर से त्यागपत्र दिए जाने के बाद यथाशीघ्र बैठक क्यों नहीं बुलाई गई?

यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि ट्रस्ट के कुछ पदाधिकारियों ने आवश्यकता से अधिक अधिकार हासिल कर रखे थे और सब कुछ अपने ही हिसाब से कर रहे थे। इसी तरह ऐसे किसी निष्कर्ष पर पहुंचने के भी पर्याप्त कारण हैं कि ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी समान रूप से सक्रिय नहीं थे और कुछ ने किन्हीं कारणों से स्वयं को निष्क्रिय अथवा अलग-थलग कर रखा था। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि चढ़ावा चोरी के मामले की छानबीन विशेष जांच दल की ओर से की जा रही है, क्योंकि तरह-तरह के आरोप लगातार सामने आ रहे हैं।

इन आरोपों से ट्रस्ट की छवि धूमिल हो रही है। चूंकि चढ़ावा चोरी के प्रकरण ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया है, इसलिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद और भाजपा के साथ-साथ केंद्र एवं राज्य सरकार को भी यह देखना होगा कि इस मामले में वास्तव में दूध का दूध और पानी का पानी हो। आवश्यकता केवल इसकी नहीं है कि भक्तों के दान की राशि का हिसाब-किताब सही तरह से हो, बल्कि ऐसी कोई व्यवस्था बनाने की भी है कि दान राशि का उपयोग किन कार्यों में किया जाएगा?

# आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन : भारत के डिजिटल स्वास्थ्य का आधार

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) ने विश्व की सबसे बड़ी डिजिटल स्वास्थ्य अवसंरचनाओं में से एक का निर्माण किया है। इसके अंतर्गत 104 करोड़ से ज्यादा स्वास्थ्य रिकॉर्ड 93 करोड़ से अधिक आभा खातों से जोड़े गए हैं। एबीडीएम ने कागजी कार्रवाई को खत्म कर और इंतजार के समय में कमी लाकर रोगियों को बीमाकर्ताओं, अस्पतालों और डॉक्टरों से एक एकीकृत नेटवर्क से जोड़ दिया है।




### डिजिटल स्वास्थ्य अवसंरचना का निर्माण

भारत सबके लिए स्वास्थ्य सुविधा की ओर लगातार बढ़ रहा है, जहाँ हर कोई बिना किसी आर्थिक कठिनाई के गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकता है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए एक मज़बूत डिजिटल आधार की ज़रूरत है। स्वास्थ्य सेवाओं को ज़्यादा आसान, कुशल और सुलभ बनाने के लिए एक मज़बूत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना अनिवार्य है।

### एक डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम:

मरीज़ों के रिकॉर्ड को सुरक्षित रूप से रखने में मदद करता है।

लोगों को स्वास्थ्य सेवा और बीमा प्रदाताओं से जोड़ता है।

यह स्वास्थ्य रिकॉर्ड्स को आसानी से एक जगह से दूसरी जगह ले जाने की सुविधा देता है, जिससे नागरिक देश भर में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन से जुड़े किसी भी स्वास्थ्य केंद्र पर अपने स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड्स को सुरक्षित रूप से देख और शेयर कर सकते हैं।

यह बिना पहचान वाले गोपनीय स्वास्थ्य डेटा तैयार करता है।

इस डेटा का उपयोग स्वास्थ्य योजना और सेवा वितरण में सुधार करने के साथ-साथ भारत के उभरते हुए कृत्रिम मेधा (एआई) इकोसिस्टम को मज़बूत करने के लिए किया जा सकता है। इस तरह की अवसंरचना के होने से बीमारी पर नज़र रखने, निदान और स्वास्थ्य प्रबंधन के क्षेत्र में नए नवाचार की संभावना बनती है। इसे ध्यान में रखते हुए, भारत सरकार ने एक एकीकृत और नागरिक-केंद्रित राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम विकसित करने के लिए सितंबर 2021 में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) की शुरुआत की। एक एबीडीएम-सक्षम सॉफ्टवेयर का उपयोग करके, स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते (आभा) से जुड़े डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड बना सकते हैं। इसके अलावा, वे मरीज की सहमति लेने के बाद उनके पिछले रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से देख सकते हैं और मरीज़ की ऐसी मंज़ूरी, जिसे कभी भी वापस लिया जा सके और जो एक तय समय के लिए हो, के ज़रिए डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड का आदान-प्रदान कर सकते हैं। आभा आधार की तरह एक विशिष्ट पहचान है, जो लोगों को सुरक्षित रूप से व्यापक स्वास्थ्य प्रणाली से जोड़ता है। यह मरीजों को डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँचने में मदद करता है। वे इस एक अंतर-संचालनीय नेटवर्क के माध्यम से अपने पूरे मेडिकल इतिहास को सुरक्षित रखते हुए बीमा कंपनियों, स्वास्थ्य सुविधाओं, डॉक्टरों और अन्य सेवाओं से जुड़ सकते हैं। मई 2026 में हासिल की गई एक बड़ी उपलब्धि के तहत, अब 104 करोड़ से अधिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड 93 करोड़ से भी ज़्यादा आभा खातों से जुड़ चुके हैं। यह एक व्यवस्थित डिजिटल सार्वजनिक स्वास्थ्य तंत्र की दिशा में अहम प्रगति है।

### एबीडीएम: एक संपूर्ण डिजिटल स्वास्थ्य तंत्र

आभा के अलावा, एबीडीएम एक पूर्ण रूप से विकसित डिजिटल स्वास्थ्य तंत्र है। यह मरीजों को उनके मेडिकल रिकॉर्ड से जोड़ता है, बीमा कंपनियों को अस्पतालों से जोड़ता है, और सभी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को एक ही नेटवर्क पर लाता है।

आभा संख्या: 14 अंकों की एक विशिष्ट स्वास्थ्य पहचान या संख्या जो आपकी सहमति से विभिन्न अस्पतालों, लैब, बीमा कंपनियों और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में आपके सभी स्वास्थ्य रिकॉर्ड को जोड़ती है। स्वास्थ्य व्यावसायिक पंजीयन: देश के सभी स्वास्थ्य पेशेवर डॉक्टरों से लेकर आयुष चिकित्सकों तक का पंजीयन, जो सत्यापित होते हैं और डिजिटल रूप से जुड़े हुए हैं। स्वास्थ्य सुविधा रजिस्ट्री: सभी सरकारी और निजी स्वास्थ्य सुविधाओं–जैसे अस्पतालों, क्लीनिकों, लैब और फार्मेसियों का एक राष्ट्रीय पंजीकरण, जो सभी एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं। यूनिफाइड हेल्थ इंटरफेस: स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक खुला नेटवर्क–जैसे स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए यूपीआई। इसके ज़रिए किसी भी ऐप से अपॉइंटमेंट बुक करें, डॉक्टरों से परामर्श लें और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं का पता लगा सकते हैं। आरोग्य सेतु 2.0: यह डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं और एक व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिकॉर्ड (पीएचआर) के लिए एक एकीकृत माध्यम के रूप में कार्य करता है, जिससे देश भर में डिजिटल स्वास्थ्य को अपनाने की रफ़्तार को तेज़ किया जा रहा है।

### आरोग्य सेतु 2.0

मूल रूप से भारत के कोविड-19 ट्रेसिंग एप्लिकेशन (कोविड-19 संपर्क में आने वालों का पता लगाने वाला एप) के रूप में विकसित, आरोग्य सेतु को एबीडीएम के तहत नागरिकों के लिए एक व्यापक डिजिटल स्वास्थ्य एप्लिकेशन के रूप में बदल दिया गया है। यह डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं और एक व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिकॉर्ड के लिए एक एकीकृत गेटवे के रूप में कार्य करता है, जो देश भर में डिजिटल स्वास्थ्य को अपनाने की गति को तेज़ कर रहा है। आरोग्य सेतु 2.0 को 29 जून, 2026 को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा द्वारा एबीडीएम के तहत एक नए रूप और नागरिक-केंद्रित डिजिटल स्वास्थ्य एप्लिकेशन के रूप में शुरू किया गया था।

### मुख्य विशेषताएं

एबीडीएम-सक्षम सेवाओं तक पहुँच: इसमें आभा आईडी बनाना, स्वास्थ्य रिकॉर्ड का प्रबंधन करना और बिना किसी परेशानी के डिजिटल पंजीकरण के लिए स्कैन और रजिस्टर जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

स्मार्ट रिपोर्ट्स: ये रिपोर्ट्स ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन (ओसीआर) तकनीक पर आधारित हैं, जो डिजिटल दस्तावेजों को आसानी से पढ़ सकती हैं। पारदर्शी कवरेज और क्लेम की जानकारी: इसके तहत एनएचसीएक्स के माध्यम से आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना वॉलेट और निजी बीमा के विवरण को देखा जा सकता है। आपातकालीन देखभाल तक समय पर पहुँच: पास की स्वास्थ्य सुविधाओं का पता लगा सकते हैं और आपातकालीन देखभाल तक समय पर पहुँच के लिए ई-रक्तकोष के माध्यम से रक्त की वास्तविक समय पर उपलब्धता देख सकते हैं।

एआई-संचालित स्वास्थ्य अंतर्दृष्टि: बायोमार्कर और आरोग्य प्रवृत्तियों के विश्लेषण के लिए अपने अपलोड किए गए रिकॉर्ड को एबीडीएम से जुड़े डेटा के साथ जोड़कर एआई-आधारित स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

संबद्ध और सुलभ इलाज के लिए यूएचआई के माध्यम से टेलीकंसल्टेशन (ऑनलाइन डॉक्टर परामर्श) और अस्पताल जाकर दिखाने, दोनों तरह के अपॉइंटमेंट बुक करने की सुविधा।

मरीज अपने स्वास्थ्य की निर्बाध रूप से निगरानी और प्रबंधन कर सकेंगे; जिसमें एकीकृत वाइटल्स (शारीरिक संकेतकों), व्यक्तिगत रिमाइंडर्स, लक्ष्य ट्रैकिंग और चलने के कदम, कैलोरी, हृदय गति व ग्लूकोज के स्तर को ट्रैक करने के लिए वियरेबल डिवाइस (फिटनेस बैंड/स्मार्टवॉच) को मिलाने की सुविधा शामिल है।

खुद को सूचित रखने और स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए ब्लॉग, आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) सामग्री, वीडियो और अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) सहित आरोग्य संबंधी जानकारी तक पहुँच शामिल है। ।

### एबीडीएम: ऑनलाइन अपॉइंटमेंट पंजीकरण के माध्यम से अस्पतालों में प्रतीक्षा के समय को कम करना

भारतीय स्वास्थ्य प्रबंधन अनुसंधान संस्थान (आईआईएचएमआर) द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, 2022 में एबीडीएम के तहत शुरू की गई राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की स्कैन एंड शेयर सेवा ने मोबाइल तकनीक और क्यूआर कोड का उपयोग करके बाह्य रोगी (ओपीडी) पंजीकरण को काफी सरल और सुव्यवस्थित बना दिया है। यह सेवा मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाओं में एक क्यूआर कोड स्कैन करके डिजिटल कतार टोकन जनरेट करने में सक्षम बनाती है, जिसमें उनके आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते (आभा) से जनसांख्यिकीय विवरण सुरक्षित रूप से प्राप्त कर लिए जाते हैं और उन्हें उस स्वास्थ्य सुविधा के स्वास्थ्य सूचना तंत्र के साथ एकीकृत कर दिया जाता है।

आईआईएचएमआर के अध्ययन में पाया गया कि स्कैन एंड शेयर सेवा ने मरीजों के प्रतीक्षा समय को लगभग एक घंटे से घटाकर मात्र 2 से 5 मिनट कर दिया है। देश भर की स्वास्थ्य सुविधाओं में 23.21 करोड़ से अधिक आभा से जुड़े टोकन जारी किए गए (18 जून, 2026 तक की स्थिति के अनुसार)।

सरकारी एजेंसियों, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और रोगी अधिकार समूहों के सहयोग से विकसित यह सेवा, डेटा सुरक्षा, गोपनीयता और अंतर-संचालनीयता के स्थापित मानकों का कड़ाई से पालन करती है।

स्वास्थ्य पेशेवरों और सुविधाओं को एबीडीएम से जोड़ना

सभी स्वास्थ्य सुविधाएं–सरकारी और निजी एबीडीएम नेटवर्क में शामिल हो सकती हैं। इसमें अस्पताल, क्लिनिक, डायग्नोस्टिक प्रयोगशालाएं और इमेजिंग केंद्र, फार्मेसी आदि शामिल हैं। इस प्रणाली से जुड़ने के बाद, मरीज नेटवर्क के भीतर अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड को बिना किसी परेशानी के आपस में जोड़ सकते हैं। इस नेटवर्क से जुड़ने के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को प्रतिपूर्ति दी जाती है और उन्हें अधिक अनुभव भी मिलता है। इसकी पंजीकरण प्रक्रिया बेहद सरल है और यह एबीडीएम की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### स्वास्थ्य सुविधा रजिस्ट्री :

स्वास्थ्य सुविधा रजिस्ट्री, एबीडीएम से जुड़ी सरकारी और निजी स्वास्थ्य सुविधाओं का एक व्यापक संग्रह है। एक बार जब कोई स्वास्थ्य सुविधा इसमें पंजीकृत हो जाती है, तो मरीज उसे आभा ऐप पर आसानी से खोज सकते हैं। यदि वे इलाज के लिए उस सुविधा (अस्पताल/क्लिनिक) में जाते हैं, तो उनके स्वास्थ्य रिकॉर्ड स्वचालित रूप से लिंक हो जाते हैं और मरीज की सहमति से उन्हें साझा किया जा सकता है। यदि वह स्वास्थ्य सुविधा राष्ट्रीय स्वास्थ्य दावा विनिमय (एनएचसीएक्स) का उपयोग करती है, तो बीमा कवरेज भी इससे जुड़ जाता है।

# मानसून में कैसी होनी चाहिए डाइट, क्या खाना चाहिए और क्या नहीं खाना चाहिए



मानसून में बारिश की वजह से आस-पास गंदगी जमा हो जाती है। जिससे मच्छर, मक्खियां और दूसरे कीड़े-मकोड़े बहुत बढ़ जाते हैं और संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। इस मौसम में होने वाली उमस से शरीर में वात दोष का असंतुलन होता है और पाचन शक्ति भी कमजोर हो जाती है। इसके अलावा वात के बिगड़ने और बारिश की वजह से पाचन क्रिया पर बुरा असर पड़ता है। बीच-बीच में होने वाली ड्राईनेस की वजह से शरीर में पित्त दोष भी बढ़ने लगता है।

मानसून में होने वाले संक्रमणों के कारण मलेरिया, फाइलेरिया बुखार, सर्दी-जुकाम, दस्त, पेचिश, हैजा, कोलाइटिस, गठिया, जोड़ों का दर्द, हाई ब्लड प्रेशर, फोड़े-फुंसी, दाद और खुजली जैसी कई बीमारियां हो सकती हैं। मानसून का मौसम वातावरण में नमी और ठंडक लाता है, आयुर्वेद के अनुसार यही मौसम आपके शरीर में वात और पित्त का असंतुलन का कारण बनता है। जिसमें शामिल है।

आशा आयुर्वेद की डॉक्टर चंचल शर्मा के मुताबिक मानसून में हल्का, आसानी से पचने वाला, ताज़ा और गर्म खाना खाना चाहिए। इस तरह के खाने से पाचन शक्ति बढ़ती है। ऐसे खाद्य पदार्थ खाने चाहिए जो वात को संतुलित रखें। पुराने अनाज जैसे गेहूं, जौ, शाली और साठी चावल और मक्का खाएं। इसके अलावा सरसों, खीरा, खिचड़ी, दही, लस्सी और हरी मूंग दाल खाएं। इस मौसम में मूंग और अरहर दाल का सेवन करें।

वहीं सब्जियों में आपको लौकी, भिंडी, तोरई, टमाटर और पुदीने की चटनी के साथ सब्जियों का सूप पीना चाहिए। फलों में सेब, केला, अनार, नाशपाती, पके हुए जामुन और पके हुए देसी आम खाने चाहिए। इस समय आम और दूध का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। जब इसे सही मात्रा में भोजन के विकल्प के तौर पर लिया जाता है, तो यह शारीरिक शक्ति और शरीर-यष्टि को बेहतर बनाने में मदद करता है।

इस मौसम में पानी दूषित हो जाता है। इसलिए पानी का ध्यान रखें। पानी को किसी भी तरह की गंदगी या प्रदूषण से सुरक्षित रखने का ध्यान रखें। दूषित पानी से हैजा और फ़ूड पॉइज़निंग जैसी कई बीमारियों का कारण हो सकता है। बेहतर होगा कि इस मौसम में घर का उबला हुआ पानी पीएं या वॉटर फिल्टर का इस्तेमाल करें।

आयुर्वेद के अनुसार 2 महीने तक जब तक बारिश की का पीक सीजन होता है आपको इन बातों का ख्याल रखना चाहिए। इसके साथ ही आपको ऐसी चीजें खानी चाहिए जिससे इम्यून सिस्टम मजबूत होती है और शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इस तरह आप खुद को और अपने परिवार को बीमार होने से बचा सकते हैं।

## सामयिक चर्चा

### भ्रष्टाचार का पुल

अखबार उठाते ही
बानी आज पढ़ गया -
''पहली बारिश में ही
पुल बह गया।''
सुनिए अब डिटेल गजाधर!''
गजाधर बोल उठे उन्हें
एकदम रोक कर -
''बानी! डिटेल में पढ़ने की
अब जरूरत नहीं है।
हमने इस पर अपनी बात,
इस तरह कही है।
उसे आप ध्यान से सुनिए!
मन ही मन सुनिए!
फिर खुल कर हँसिए!
हाँ, तो वो दो लाइनी है -
''पहली बारिश झुम के आई,
पुल को लेकर, नदी बही।
यह यंत्री का उलटफेर है,
हमने उलटी बात नहीं।''
(मंगलवार 7 जुलाई 2026)



गिरीश बख्शी

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए नए अनुभवों से भरा रहने वाला है। परिवार के लोगों से आपको सहयोग मिलेगा। आपको माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज आप नया काम शुरू करने की योजना बनायेंगे, आगे चलकर इससे आपको फायदा होगा। इस राशि के छात्रों के सफलता का स्तर बाकी लोगों की तुलना में अच्छा रहेगा।

**वृष राशि** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला रहेगा। व्यस्तता के बावजूद रचनात्मक कामों में रुचि बनी रहेगी। घर में नवीनीकरण और साज-सज्जा से जुड़े बदलाव कर सकते हैं इससे पारिवारिक माहौल में नई ऊर्जा आएगी। जीवनसाथी किसी काम के लिये आपकी तारीफ कर सकते है, इससे आपका मन खुश रहेगा।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सफल होंगे। व्यवसाय में नए लोगों से संपर्क बनेंगे, जिससे उन्नति के नए स्त्रोत बनेंगे आज प्रतिद्वंदी कमजोर रहेंगे। गवर्नमेंट से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। अपने संपर्कों का सही उपयोग करें। जीवन में आगे बढ़ने के नए रास्ते अपने आप खुलते जायेंगे।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए सफलता के नए अवसर लेकर आएगा। आपका आदर्शवादी व्यक्तित्व अन्य लोगों के लिए मिसाल बनेगा। व्यापार की गति सामान्य बनी रहेगी।आज माता-पिता के साथ रिश्ते और बेहतर होंगे। विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने का मन बनायेंगे।

**सिंह** — आज आपका दिन सामान्य रहेगा। घर में भाई-बहन की मदद से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज करियर में आपको सफलता मिलेगी। आज आपको अपने काम को टालने से बचना चाहिए। आज परिवार में सुख-सौभाग्य में बढ़ोतरी होगी। आज आपके सहकर्मी किसी कार्य को पूरा करने के लिए आपसे फोन पर राय लेंगे।

**कन्या** — आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज किसी धार्मिक या सामाजिक आयोजन में योगदान देने से मन को खुशी मिलेगी आपका मान- सम्मान बढ़ेगा और आसपास के लोग आपकी कार्यशैली की सराहना करेंगे। आज आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। आपके इष्ट मित्र को आपकी मदद की जरूरत होगी।

**तुला** — आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज कारोबार से जुड़े मामलों में दूसरों पर भरोसा करने के बजाय फैसले खुद लेने का प्रयास करें। आज किसी भी पार्टी के साथ बिजनेस डील करते समय अपना आत्मविश्वास बनाए रखें आय की स्थिति बेहतर होगी। पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से आज आपको बचना चाहिए।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन खुशी से भरा रहेगा। आज परिवारजनों के साथ खुशियों के पल बितायेंगे। आज अपने बड़े भाई से नई बात आपको सीखने को मिलेगी। आज आपको किसी भी तरह की मानसिक उलझन से मुक्ति मिलेगी, जिससे काफी राहत महसूस करेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी।

**धनु** — आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। शैक्षणिक कार्यों में आज आपका मन लगेगा। इस राशि के राजनीति से जुड़े लोगों को आज सफलता मिलेगी। परिवार में आज किसी सदस्य से छोटी मोटी नोक झोंक होने की संभावना है। बेहतर होगा आज बेवजह किसी भी मामले में बिना मांगे सलाह न दें और किसी के व्यक्तिगत मामले में भी दखल देने से बचें।

**मकर** — आज आपको अच्छी खबर मिलेगी, जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। यदि आप सोशल वर्क से जुड़े है तो आज आपको किसी नए कॉन्टैक्ट से फायदा होगा। आज आप अपना काम समय से पूरा कर लेंगे। यदि आज आप नया काम शुरू करना चाहते है, तो फिलहाल कुछ दिनों के लिए पोस्टपोन कर देना ही अच्छा रहेगा।

**कुंभ** — आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। लम्बे समय से चल रहा कोर्ट-कचहरी के मामले को निपटने के लिए किसी खास दोस्त से फ़ोन पर ही राय लेंगे। आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। आज आपके कारोबार में तरक्की के योग बन रहे है। अपनी कार्ययोजनाओं को अमल में लाने का अनुकूल समय है।

**मीन** — आज आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। कुछ प्रभावशाली लोगों का सहयोग आपके उत्साह को दोगुना कर देगा और आपके व्यक्तित्व में नया निखार आयेगा जिससे आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज अध्यात्म के प्रति लगाव बढ़ेगा। आज ननिहाल पक्ष से खुशखबरी मिल सकती है। आज आप लोगों को अपनी बातें समझाने में सफल होंगे।

## शब्द सामर्थ्य -092

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :** 1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा) 11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे** 1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 091 का हल



# मोहला में रेंज स्तरीय समीक्षा बैठक : आईजी बालाजी राव ने दिए प्रभावी पुलिसिंग के निर्देश

मोहला (दावा)। राजनांदगांव रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) बालाजीराव ने मंगलवार को नव-निर्मित पुलिस को-ऑर्डिनेशन सेंटर, मोहला में रेंज स्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण, बेसिक पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाने, तकनीक आधारित पुलिसिंग और जनोन्मुखी कार्यप्रणाली पर विशेष जोर दिया गया। इस उच्च स्तरीय बैठक में मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, राजनांदगांव, कबीरधाम तथा खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिलों के पुलिस अधीक्षक (एसपी) एवं रेंज के सभी राजपत्रित अधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### समयबद्ध निराकरण और बेसिक पुलिसिंग पर निर्देश

बैठक के दौरान आईजी बालाजीराव ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि लंबित अपराधों और जन-शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सल उन्मूलन के बाद बेसिक पुलिसिंग को मजबूत करना बेहद जरूरी है। इसके लिए थाना स्तर पर एक विशेष कार्ययोजना बनाकर उसका प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने शहरी क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था, सिटी पुलिसिंग, रेडियो कम्युनिकेशन की सतत निगरानी और सीएम हेल्पलाइन-1076 की शिकायतों के त्वरित निवारण के निर्देश दिए। डिजिटल पुलिसिंग को बढ़ावा देने के लिए सभी विवेचकों और थाना स्टाफ को सीसीटीएनएस का अनिवार्य प्रशिक्षण देने की बात भी कही गई।




**लंबित मामलों का त्वरित निराकरण करने और तकनीक आधारित पुलिसिंग को मजबूत बनाने पर विशेष जोर**

### विभिन्न जिलों के नवाचारों की सराहना

समीक्षा बैठक में रेंज के विभिन्न जिलों द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों और अनूठे प्रयोगों का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमें मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले द्वारा विकसित ई-बीट सिस्टम का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। जिसे रेंज स्तर पर काफी सराहना मिली। इसके अलावा नक्सल पुनर्वास केंद्र, आधुनिक कंट्रोल रूम और अपराध नियंत्रण के नवाचारों की जानकारी दी गई। राजनांदगांव जिले ने 'पहल' अभियान, युवाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग व रीडिंग रूम, कोटवार-पुलिस मित्र नेटवर्क और किशोर अपराधों की रोकथाम के लिए 'किशोर पंजी' की पहल साझा की। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले द्वारा डिस्ट्रिक्ट प्रॉसिक्यूशन मॉनिटरिंग सेल और डिस्ट्रिक्ट साइबर सेल के कामकाज को प्रस्तुत किया गया। कबीरधाम जिले ने नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ पुलिस बैंक, पुलिस कैंटीन और प्ले स्कूल जैसी कल्याणकारी पहलों की जानकारी दी।

### डिस्ट्रिक्ट प्रोफाइल बुक का विमोचन और वृक्षारोपण

बैठक के दौरान मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी पुलिस द्वारा तैयार की गई 'डिस्ट्रिक्ट प्रोफाइल बुक' का विमोचन आईजी द्वारा किया गया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए रेंज के अन्य सभी जिलों को भी ऐसी प्रोफाइल बुक तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक के समापन के बाद रक्षित केंद्र मोहला परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए एक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिले की कलेक्टर तूलिका प्रजापति, रेंज के पुलिस अधीक्षकों, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों और अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने पौधरोपण किया। आईजी ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया।

# नेहरू कॉलेज डोंगरगढ़ में आज लगेगा विशाल रोजगार मेला, 7 कंपनियां करेंगी युवाओं का चयन

**सुबह 10:30 से दोपहर 3 बजे तक युवाओं को मिलेगा रोजगार का सुनहरा अवसर, ई-रोजगार पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य**



डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, राजनांदगांव द्वारा आज 8 जुलाई (बुधवार) को शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ (पुराना भवन, चिचोला रोड) में एक विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला प्रातः 10:30 से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठित निजी कंपनियों एवं संस्थाओं द्वारा स्थानीय युवाओं का सीधे चयन किया जाएगा। यह डोंगरगढ़ एवं आसपास के क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार प्राप्त करने का एक सुनहरा अवसर है।

### 7 प्रमुख कंपनियां योग्यता के अनुसार देंगी नौकरियां

इस रोजगार मेले में कुल 7 विभिन्न नामी कंपनियां एवं निजी संस्थाएं भाग ले रही हैं। ये कंपनियां आवेदकों की शैक्षणिक और तकनीकी योग्यता के आधार पर विभिन्न रिक्त पदों के लिए युवाओं का इंटरव्यू लेकर उनका चयन करेंगी। रोजगार कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, मेले में शामिल होने के लिए आवेदकों को निम्नलिखित नियमों और दस्तावेजों का पालन करना अनिवार्य होगा। जिसमें ऑनलाइन आवेदन हेतु मेले में हिस्सा लेने के लिए ई-रोजगार पोर्टल erojgar.cg.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन/पंजीयन कराना अनिवार्य है, जिसे अभ्यर्थी स्वयं भी ऑनलाइन कर सकते हैं। अनिवार्य दस्तावेज : अभ्यर्थियों को अपने साथ पहचान पत्र (जैसे- [आधार कार्ड / पहचान दस्तावेज Omitted]), दो पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो तथा अपनी शैक्षणिक योग्यता से संबंधित समस्त मूल प्रमाण पत्र एवं उनकी छायाप्रति (फोटोकॉपी) अनिवार्य रूप से लेकर आनी होगी। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जांबुलकर, कॉलेज के रोजगार मार्गदर्शन सेल तथा जिला रोजगार कार्यालय के अधिकारियों ने क्षेत्र के सभी पात्र और इच्छुक युवाओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर इस सुनहरे अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## पहला कॉलम...

# 'जान है तो जहान है' : मानसून में बिजली से सतर्कता जरूरी, एक गलती पड़ सकती है भारी



राजनांदगांव (दावा)। बरसात के मौसम में नमी और पानी के कारण बिजली का करंट लगने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) राजनांदगांव क्षेत्र ने आमजन की सुरक्षा के लिए एक विशेष अलर्ट और एडवाइजरी जारी की है। कंपनी ने राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिलों के समस्त उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे थोड़ी सी सावधानी बरतकर बड़ी दुर्घटनाओं से बच सकते हैं। विद्युत विशेषज्ञों के अनुसार बरसात के दिनों में बिजली के खंभों, एचटी-एलटी लाइनों, ट्रांसफार्मर और घरों की वायरिंग में नमी आ जाती है। जिससे करंट लीकेज की संभावना अत्यधिक बढ़ जाती है। हर साल लापरवाही, जानकारी के अभाव और असावधानी के कारण करंट लगने से जनहानि की दुखद खबरें सामने आती हैं।

### विभाग की अपील : इन बातों का रखें विशेष ध्यान

विद्युत कंपनी ने उपभोक्ताओं के लिए निम्नलिखित दिशानिर्देश जारी किए हैं। जिसमें आंधी-तूफान के कारण यदि कहीं खंभा या बिजली का तार टूटकर गिर गया हो, या लाइन में स्पार्किंग हो रही हो तो उसके पास बिल्कुल न जाएं। इसकी सूचना तुरंत कंपनी के टोल फ्री नंबर 1912, मोर बिजली एप या नजदीकी वितरण केंद्र/जोन कार्यालय को दें। यदि नदी, नालों या तालाबों में कोई बिजली का तार गिरा हुआ दिखे, तो पानी में कतई प्रवेश न करें। गीले हाथों से बिजली के स्विच, प्लग या किसी भी उपकरण को न छुएं। पैर सूखे रखें और रबर या प्लास्टिक के जूते-चप्पल पहनें।

घरों और खेतों में कटी-फटी सर्विस लाइन का उपयोग न करें, केवल गुणवत्तापूर्ण उपकरणों का ही इस्तेमाल करें। खेतों की बाड़ या कंटीले तारों में करंट प्रवाहित करना पूरी तरह गैरकानूनी है। ऐसा करने वाले दोषी पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। गीले कपड़े सुखाने के लिए बिजली के खंभे या स्टे तार (जीटीआई वायर) का उपयोग न करें। बच्चों को बिजली के खंभों, ट्रांसफार्मर या डीपी के पास खेलने से रोकें। खराबी आने पर खुद सुधारने का प्रयास न करें, हमेशा लाइनमैन या कनिष्ठ अभियंता को सूचित करें। बिजली लाइनों से सीधे हुकिंग कर अवैध उपयोग करना जानलेवा हो सकता है।

सबसे पहले घर का मेन स्विच तुरंत बंद कर दें। यदि स्विच बंद करना संभव न हो, तो सूखी लकड़ी, सूखी रस्सी या सूखे कपड़े की मदद से पीड़ित को तार से अलग करें। उसे भूलकर भी नंगे हाथों से न छुएं। दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को सूखी जगह पर लिटाएं, प्राथमिक उपचार दें और बिना देरी किए तुरंत अस्पताल पहुंचाएं।

सीएसपीडीसीएल राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता हर्ष कुमार मेश्राम ने कहा कि आंधी-तूफान और बारिश के समय बिजली कर्मियों के लिए युद्ध जैसी स्थिति होती है। अंधेरे और बारिश के बीच फीडर में फाल्ट ढूंढकर लाइन सुधारना बेहद चुनौतीपूर्ण होता है। उन्होंने उपभोक्ताओं से धैर्य और सहयोग की अपील करते हुए कहा कि बिजली आपूर्ति बाधित होने पर थोड़ा रुककर 1912 पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

विद्युत व्यवस्था के सुचारू संचालन में जनता की सतर्कता बेहद जरूरी है, क्योंकि जरा सी छेड़छाड़ बड़े हादसे को आमंत्रण दे सकती है।

# सड़क निर्माण में लापरवाही पर फूटा जनता का आक्रोश, ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की उठी मांग

**महीनों से अधूरी पड़ी है मानपुर नगर की नाली खुदाई, केवल चार मजदूरों के भरोसे चल रहा काम, व्यापार और आवागमन ठप**

मोहला (दावा)। राजनांदगांव-डोंगरगांव-चौकी-मोहला-मानपुर सड़क निर्माण कार्य में कथित लापरवाही और कछुआ गति को लेकर स्थानीय व्यापारियों एवं नागरिकों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। निर्माण एजेंसी की उदासीनता के चलते मानपुर नगर के मुख्य मार्ग की स्थिति बदहाल हो चुकी है। जिससे स्थानीय व्यापार पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। स्थानीय नागरिकों और दुकानदारों का कहना है कि मानपुर नगर में नाली निर्माण के लिए सड़क किनारे खुदाई किए लगभग एक माह बीत चुका है, लेकिन अब तक इसे पूरा नहीं किया गया है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि इतने बड़े और महत्वपूर्ण मार्ग के निर्माण स्थल पर ठेकेदार द्वारा केवल चार मजदूरों के भरोसे काम कराया जा रहा है। कार्य की गति इतनी धीमी है कि आने वाले समय में भी इसके पूरा होने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं।

### मिट्टी के गुबार और गड्ढों से राहगीर व दुकानदार परेशान

नाली के लिए की गई खुदाई के कारण पूरी मिट्टी सड़क पर फैली हुई है। बारिश के मौसम में यह मिट्टी कीचड़ का रूप ले रही है। वहीं धूप निकलने पर धूल के गुबार उड़ रहे हैं। इसके चलते सड़क किनारे स्थित दुकानों के सामने गड्ढे और मिट्टी होने से ग्राहकों का आना बंद हो गया है, जिससे दुकानदारों का धंधा चौपट हो रहा है। राहगीरों और वाहन चालकों को इस मार्ग से गुजरने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### पुराने निर्माण की गुणवत्ता पर भी उठे गंभीर सवाल

क्षेत्रवासियों ने ठेकेदार के पिछले रिकॉर्ड को लेकर भी गंभीर दावे किए हैं। लोगों का कहना है कि इसी ठेकेदार ने पूर्व में कोहका-दल्ली मार्ग का निर्माण किया था। जिसकी गुणवत्ता की पोल साल भर के भीतर ही खुल गई है। निर्माण के एक वर्ष के भीतर ही वह सड़क जगह-जगह से उखड़ने और खराब होने लगी है, जो इसके घटिया निर्माण को प्रमाणित करता है।

### उच्च स्तरीय जांच और ब्लैकलिस्ट करने की मांग

स्थानीय नागरिक व क्षेत्रवासियों का कहना है कि संबंधित ठेकेदार द्वारा जनहित के इस कार्य को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। हमारी प्रशासन से मांग है कि इस पूरे प्रोजेक्ट की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। यदि अनियमितता या लापरवाही सिद्ध होती है, तो ठेकेदार के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए उसे तुरंत ब्लैकलिस्ट किया जाए और काम किसी अन्य जिम्मेदार एजेंसी को सौंपा जाए। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस जनसमस्या को गंभीरता से लेते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि आमजन को हो रही दैनिक परेशानियों से शीघ्र राहत मिल सके।

# डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा अर्जुनी मंडल ने किया वृक्षारोपण



डोंगरगांव (दावा)। भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं महान शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती भारतीय जनता पार्टी अर्जुनी मंडल द्वारा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमलीडीह परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा नेता दिनेश गांधी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला. वहीं प्रदेश प्रवक्ता कैलाश शर्मा ने संगठन की मजबूती, कार्यकर्ता आधारित राजनीति तथा सेवा भाव के साथ समाज में कार्य करने का संदेश दिया। जिपं सभापति जागृति यदु ने महिलाओं से केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा उन्हें समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। मंडल अध्यक्ष भुवन साहू ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी के आदर्श प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। कार्यक्रम का आभार एवं समापन युवा मोर्चा अध्यक्ष भावेश निक्की ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी मनीष पटेल, जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू, मंडल महामंत्री दिनेश साहू, जनपद सदस्य उमेश साहू, ममता पटेल, रेशमा साहू, रूदगांव पटेल, जिला महुवा प्रकोष्ठ कुलेश्वर निषाद, कोषाध्यक्ष विजय जैन, उपाध्यक्ष मामेश साहू, रामपुर सरपंच यतीश सिन्हा, वरिष्ठ नेता बिरेंद्र साहू, मीडिया प्रभारी दुर्गेश सिन्हा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष देवलाल साहू, किसान मोर्चा अध्यक्ष चिंतामणि साहू, उपाध्यक्ष संदीप साहू, पिछड़ा वर्ग महामंत्री डोमन पटेल, महामंत्री मोहन साहू, युवा मंत्री बीरेंद्र सिन्हा, बूथ अध्यक्ष किशोर कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत कुमर्दा को नगर पंचायत का दर्जा देने की मांग, उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने दिया आश्वासन



डोंगरगांव (दावा)। क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुमर्दा को नगर पंचायत का दर्जा देने के लिए मांग अब मुखर होने लगी है। इस विषय को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मांग कर रहे हैं कि ग्राम पंचायत कुमर्दा क्षेत्र की जनसंख्या, व्यापारिक गतिविधियों, शहरीकरण तथा आधारभूत सुविधाओं की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए इसे नगर पंचायत का दर्जा दिया जाना आवश्यक है। नगर पंचायत का दर्जा मिलने से क्षेत्र में सड़क, पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य नगरीय सुविधाओं का बेहतर विकास संभव होगा। साथ ही स्थानीय नागरिकों को शासन की विभिन्न नगरीय विकास योजनाओं का लाभ भी प्रभावी रूप से प्राप्त होगा। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री महोदय से आग्रह किया कि जनहित एवं क्षेत्र के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत कुमर्दा को शीघ्र नगर पंचायत घोषित करने की आवश्यक कार्रवाई की जाए।

पूर्व जिपं अध्यक्ष गीता घासी साहू के नेतृत्व में ग्राम पंचायत कुमर्दा सरपंच नुनकरण भुआर्य, उपसरपंच विजय कोसमा, ग्राम पटेल कांतिलाल साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, नवीन साहू, गंसू कोलियारे, पंच कोमल कुंजाम, लक्ष्मण पिस्दा, मिलेन्द्र टांडेकर सहित अन्य ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत कुमर्दा को नगर पंचायत का दर्जा प्रदान किए जाने की मांग की है। इस पर उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री ने मांग पर सकारात्मक विचार करने तथा नियमानुसार आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने का आश्वासन दिया।साथ ही जनगणना प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात बहुत ही जल्द कुमरदा को नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त होने की उम्मीद की जा रही है।

# आसरा स्कूल में जरूरतमंद विद्यार्थियों को नि:शुल्क पेन-कॉपी वितरित




डोंगरगांव (दावा)। विकासखंड के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला आसरा में सामाजिक सरोकार की प्रेरणादायी पहल करते हुए गुलशन जगने खुशिका जनरल स्टोर्स द्वारा जरूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क पेन एवं कॉपियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर बच्चों को शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराते हुए उन्हें शिक्षा के प्रति निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति (एसएमडीसी) के सदस्य, ग्राम आसरा के ग्राम प्रमुख, पालकगण तथा विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। सभी ने इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

# तहसील साहू संघ अंबागढ़ चौकी का बड़ा आयोजन : कैरियर गाइडेंस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

अंबागढ़ चौकी (दावा)। तहसील साहू संघ अंबागढ़ चौकी के तत्वावधान में स्थानीय साहू सामुदायिक भवन में कैरियर गाइडेंस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, समाज के वरिष्ठजनों एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी के विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सही मार्गदर्शन प्रदान करना तथा शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहारों का उत्साहवर्धन करना था।

### लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करने का आह्वान

समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों और विषय विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, रोजगार के नए माध्यमों तथा करियर के विविध अवसरों की विस्तार से जानकारी दी। वक्ताओं ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता के लिए सही समय पर सही लक्ष्य निर्धारित करना जरूरी है। सकारात्मक सोच और निरंतर कड़ी मेहनत के बल पर ही मनचाहा मुकाम हासिल किया जा सकता है।



### विशेषज्ञों ने साझा किए विचार, साइबर क्राइम पर भी हुई चर्चा

इस गरिमय आयोजन में मुख्य रूप से उपस्थित मोहला अनुविभागीय दण्डाधिकारी हेमेंद्र भुआर्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव जयंत साहू, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी वीरेंद्र साहू तथा नोहरदास साहू ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने युवाओं को आधुनिक दौर की चुनौतियों से अवगत कराया। इसी कड़ी में व्याख्याता लकेश्वर ठाकुर ने वर्तमान समय की संवेदनशीलता को देखते हुए साइबर क्राइम और उससे सुरक्षा के उपायों पर विशेष प्रकाश डाला। कार्यक्रम को जिला साहू संघ के अध्यक्ष मदन साहू, तहसील अध्यक्ष गयादास साहू और संचालक अर्जुनदास साहू ने भी संबोधित किया। तत्पश्चात अतिथियों के हाथों बोर्ड परीक्षाओं व अन्य शैक्षणिक क्षेत्रों में बेहतरीन अंक लाने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### भविष्य में भी होते रहेंगे ऐसे आयोजन

कार्यक्रम अध्यक्ष जी.डी. साहू ने कहा कि युवाओं को करियर के बेहतर विकल्पों से जोड़ना और उनकी प्रतिभा को निखारना ही समाज की प्राथमिकता है। समारोह के दौरान विद्यार्थियों और अभिभावकों की शंकाओं का जो समाधान हुआ है, वह सराहनीय है। भविष्य में भी समाज के युवाओं के हित में ऐसे मार्गदर्शन एवं सम्मान कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे। सफल और खचाखच भरे इस कार्यक्रम को सफल बनाने में तहसील साहू संघ अंबागढ़ चौकी के अध्यक्ष गयादास साहू, उपाध्यक्ष दयानंद साहू, धर्मेंद्र साहू, योगमाया साहू, कांति साहू, मोनी साहू, अरुण साहू, दयालदास साहू, गुमान दास साहू, अवधेश साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनीष साहू सहित समाज के समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और छात्र-छात्राओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

# प्रधानपाठक पद पर पदोन्नत होने पर शिक्षिका श्रीमती कांति साहू को दी गई भावभीनी विदाई

छुरिया (दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला बजरंगपुर की शिक्षिका श्रीमती कांति साहू को प्रधानपाठक के पद में पदोन्नत होने पर शाला परिवार व ग्रामवासियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। विदित हो कि शिक्षिका 2017 से शाला में सहायक शिक्षक के पद में पदस्थ थी। पदोन्नति के पश्चात वे शासकीय प्राथमिक शाला घोघरे की प्रधानपाठक है।

वे अपने मधुर व्यवहार, मिलनसार, कर्मठ व सहयोगी गुणों के कारण बच्चों व ग्रामीणों की चहेती रही। विदाई समारोह में स्मृति चिह्न, शाल, श्रीफल, डायरी, पेन तथा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। विदाई पश्चात शाला परिवार व ग्रामवासियों सहित बड़ी संख्या में उनके निज निवास लाममेटा तक ससम्मान पहुंचाने गये। इस कार्यक्रम में शिक्षकवृन्द हुमन सिंह पिस्दा, गजेन्द्र चौधरी, रामनारायण साहू, हेमलाल सहारे, चेतन मानिकपुरी तथा शिक्षा समिति के रामदास मानिकपुरी, अरुणलता सहारे, कीर्तन साहू, हेमसिंह चंद्रवंशी, हृदयराम यादव, गोपीराम साहू, अजय यादव, केजू साहू, दयाराम साहू, अमरसिंह मंडावी, चंद्रिका साहू, गिरजा यादव, लोकेश्वरी साहू, रूपा साहू, सरोज चंद्रवंशी, चमारिन चंद्रवंशी, अहिल्या सेन, पुष्पा नांदेश्वर, गौतर कुंजाम, कमला साहू, नेमा सहारे, कलेन्द्री साहू, दानीबाई सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# वीवीएस लक्ष्मण होंगे टीम इंडिया के हेड कोच, जिम्बाब्वे और एशियन गेम्स के लिए मिली जिम्मेदारी



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम इस वक्त इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज खेल रही है। अब तक दो मैच हो गए हैं और आज तीसरा मुकाबला ट्रेंट ब्रिज में होना है। पांच मैचों की ये सीरीज खत्म होने के बाद तीन वनडे मैच खेलेगी और इसके बाद भारतीय टीम जिम्बाब्वे के दौरे पर जाएगी। इस सीरीज के दौरान टीम इंडिया की कोचिंग का काम वीवीएस लक्ष्मण देखेंगे। वे एशियन गेम्स के दौरान भी ये जिम्मेदारी उठाते हुए नजर आएंगे।

### जिम्बाब्वे और एशियन गेम्स के लिए वीवीएस लक्ष्मण होंगे हेड कोच

टीम इंडिया इस वक्त लगातार मुकाबले खेल रही है। एक सीरीज के बाद दूसरी सीरीज शुरू हो जाती है। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 मैच खेलने के बाद इसी के खिलाफ तीन वनडे मैच भी खेलेगी। भारत और इंग्लैंड के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का आखिरी मैच 19 जुलाई को खेला जाएगा। इसके बाद 23 जुलाई से जिम्बाब्वे के खिलाफ पहला टी20 मुकाबला खेला जाएगा। यानी बीच में बहुत ज्यादा दिन का गैप नहीं है। यही वजह है कि इस सीरीज के लिए वीवीएस लक्ष्मण को बीसीसीआई ने हेड कोच की जिम्मेदारी सौंपने का निर्णय लिया है।

### इस वक्त सीओई के हेड हैं लक्ष्मण

वीवीएस लक्ष्मण इस वक्त सेंटर ऑफ एक्सीलेंस यानी सीओई के हेड हैं और बीच बीच में टीम इंडिया के हेड कोच की जिम्मेदारी भी निभाते रहे हैं। खास बात ये भी है कि जिस वक्त एशियन गेम्स खेले जा रहे होंगे, उसी वक्त भारतीय टीम वेस्टइंडीज के भी खिलाफ सीरीज खेल रही होगी। यानी ये दोनों टूर्नामेंट करीब करीब साथ साथ हो रहे होंगे, इसलिए जहां एक ओर सीनियर टीम के साथ वेस्टइंडीज टूर पर गौतम गंभीर रहेंगे, वहीं एशियन गेम्स में वीवीएस लक्ष्मण टीम इंडिया के साथ जाएंगे। एशियन गेम्स में क्रिकेट मुकाबले टी20 फॉर्मेट यानी 20 ओवर के मैच होंगे।

जिम्बाब्वे टूर पर केवल लक्ष्मण ही नहीं, पूर्व स्पिन गेंदबाज सुनील जोशी गेंदबाजी कोच की भूमिका में नजर आएंगे, वहीं ऋषिकेत कानितकर बैटिंग कोच का काम संभालेंगे।

# फीफा वर्ल्ड कप में बेल्जियम की दमदार जीत, अमेरिका को 4-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में मारी एंट्री



नई दिल्ली। फीफा वर्ल्ड कप 2026 में बेल्जियम ने शानदार खेल दिखाते हुए मेजबान अमेरिका को 4-1 से हरा दिया है। इस जीत के साथ ही बेल्जियम की टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। सिएटल स्टेडियम में खेले गए इस मैच में बेल्जियम की टीम शुरू से अंत तक हावी रही और उन्होंने अमेरिका को मैच में वापस आने का कोई मौका ही नहीं दिया। अब क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम की टक्कर स्पेन से होगी।

मैच शुरू होते ही बेल्जियम ने अटैक करना शुरू कर दिया और 9वें मिनट में ही चार्ल्स डी केटेलारे ने गोल करके अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया। इसके बाद 31वें मिनट में अमेरिका के मलिक टिलमैन ने एक गोल करके स्कोर 1-1 की बराबरी पर ला दिया। लेकिन अमेरिका की यह खुशी सिर्फ दो मिनट ही टिक पाई, क्योंकि 33वें मिनट में डी केटेलारे ने अपना दूसरा गोल कर बेल्जियम को फिर से बढ़त दिलाई।

मैच के दूसरे हाफ में भी बेल्जियम का जलवा जारी रहा। 57वें मिनट में हांस वनाकेन ने टीम के लिए तीसरा गोल किया। इस गोल के बाद अमेरिका के लिए इस मैच में वापसी की उम्मीदें लगभग खत्म हो गईं। इसके बाद मैच के आखिरी समय (इंजरी टाइम 90+3 मिनट) में रोमेलु लुकाकू ने चौथा गोल करके बेल्जियम को 4-1 से एक शानदार जीत दिला दी। इस जीत के साथ ही बेल्जियम ने मेजबान यूएसए को इस वर्ल्ड कप से बाहर कर दिया। इस मैच में अमेरिकी टीम के लिए अच्छी बात यह थी कि उनके प्रमुख खिलाड़ी फोलारिन बालोगुन की टीम में वापसी हो गई थी। रेड कार्ड मिलने की वजह से उन पर एक मैच का बैन (प्रतिबंध) लगा था, लेकिन फीफा ने एक विवादित फैसले में उनका यह बैन हटा दिया। इसके बाद भी अमेरिकी टीम अपने ही देश में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई। बेल्जियम की टीम ने खासकर अमेरिका के डिफेंडर्स की गलतियों का पूरा फायदा उठाया। अब क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम का सामना स्पेन से होगा, जिसने अपने पिछले मैच (राउंड ऑफ-16) में पुर्तगाल को 1-0 से हराया था।

# धान छोड़ गेंदे की खेती से महकेगी प्रगतिशील किसान वीरेंद्र साहू की किस्मत



**फसल विविधीकरण की अनूठी पहल : कम पानी में बेहतर आय की उम्मीद, सीएम की आदान सहायता राशि ने बढ़ाया उत्साह**

राजनांदगांव (दावा)। जिले के ग्राम जंगलेश्वर के प्रगतिशील किसान श्री वीरेंद्र कुमार साहू ने इस खरीफ मौसम में परंपरागत धान की खेती के स्थान पर कम पानी में होने वाली गेंदा फूल की खेती अपनाकर फसल परिवर्तन की दिशा में सराहनीय पहल की है।

उन्होंने कहा कि बदलते मौसम और जल की कमी को देखते हुए कम पानी वाली फसलों की खेती किसानों के लिए अधिक लाभकारी साबित हो सकती है। किसान श्री साहू के पास लगभग 20 एकड़ कृषि भूमि है। इस वर्ष उन्होंने अपनी कृषि भूमि के कुछ हिस्से में धान के स्थान पर गेंदा फूल की खेती करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि पिछले खरीफ सीजन में धान की खेती के दौरान अल्प वर्षा एवं बेमौसम बारिश के कारण उत्पादन प्रभावित हुआ, जिससे आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा। यही कारण है कि इस बार उन्होंने कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली फसल को चुना है। उन्होंने बताया कि गेंदा फूल की खेती का निर्णय कृषि विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन में लिया गया है।

# ऐतिहासिक सेवाकाल का सम्मान : 43 वर्ष से अधिक की गौरवमयी सेवा के बाद व्याख्याता मिलापदास साहू को मिलेगी भावभीनी विदाई

छुरिया/कुमरदा (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में चार दशकों से अधिक समय तक अपना जीवन समर्पित करने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुमरदा के सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं पूर्व प्रभारी प्राचार्य श्री मिलापदास साहू को उनके ऐतिहासिक और निष्ठापूर्ण कार्यकाल के लिए सम्मानित किया जाएगा।

श्री साहू की 43 वर्ष 8 माह और 12 दिन की बेदाग व उत्कृष्ट शैक्षणिक सेवा के सम्मान में आगामी 8 जुलाई 2026 (बुधवार) को दोपहर 12 बजे से विद्यालय परिसर में एक भव्य विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस संयुक्त गरिमामयी कार्यक्रम में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुमरदा की सेवानिवृत्त प्रधान पाठक श्रीमती उषा लाल को भी उनकी अनुकरणीय सेवाओं के लिए ससम्मान भावभीनी विदाई दी जाएगी।

### सहायक शिक्षक से प्रभारी प्राचार्य तक का अनुकरणीय सफर

मिलापदास साहू का जन्म 19 मई 1964 को स्वर्गीय लखनलाल साहू एवं स्वर्गीय श्रीमती बुधंतीन साहू के गृह ग्राम में हुआ। उनका पूरा परिवार शिक्षा और समाज सेवा से जुड़ा हुआ है। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती संतोषी साहू वर्तमान में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुंजालकला में शिक्षिका हैं। श्री साहू के इस दीर्घकालीन सफर के मुख्य में उन्होंने अपने सेवाकाल की शुरुआत 20 सितंबर 1982 को डोंगरगांव विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला केसला (अर्जुनी) में सहायक शिक्षक के रूप में की थी। इसके बाद उन्होंने बुनियादी प्रशिक्षण संस्थान डोंगरगांव से प्रशिक्षण लिया और प्राथमिक शाला कुमरदा, गोटाटोला, पूर्व माध्यमिक शाला कुमरदा तथा मुंजालकला में अपनी सेवाएं दी। 31 जनवरी 2011 को वे कुमरदा स्कूल में व्याख्याता (लेखाशास्त्र/कॉमर्स) के पद पर पदस्थ हुए। इसके बाद उन्होंने 3 दिसंबर 2018 से 2 दिसंबर 2025 तक संस्था में प्रभारी प्राचार्य के रूप में भी कुशल व अनुशासित नेतृत्व प्रदान किया।



**8 जुलाई को कुमरदा स्कूल में सजेगा भव्य विदाई समारोह, पूर्व प्रधान पाठक श्रीमती उषा लाल का भी होगा सम्मान**

### जनप्रतिनिधि और शिक्षा विभाग के अधिकारी होंगे शामिल

आयोजन समिति से मिली जानकारी के अनुसार, इस ऐतिहासिक विदाई समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के आला अधिकारी और ग्रामवासी बड़ी संख्या में जुटेंगे। मुख्य अतिथि स्वयं सेवानिवृत्त व्याख्याता मिलापदास साहू एवं सेवानिवृत्त प्रधान पाठक श्रीमती उषा लाल, अध्यक्षता श्रीमती पिंकी देव पन्द्रो (जनपद पंचायत सदस्य) एवं विशिष्ट अतिथि सरपंच नूनकरण भुआर्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रशांत चिर्वतकर, बीआरसी विरेन्द्र साहू, पूर्व सरपंच दिनेश ठाकुर, एसएमसी अध्यक्ष गनसू कोलियारे, कांतिलाल साहू, ललित साहू, उपसरपंच विजय कोसमा तथा ग्राम प्रमुख लक्ष्मीनारायण साहू, हकीम खान एवं नवीन साहू उपस्थित रहेंगे।

### यह विदाई नहीं, कृतज्ञता का पर्व है

समस्त शिक्षकगण एवं ग्रामवासियों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किए जा रहे इस कार्यक्रम को लेकर आयोजन समिति का कहना है कि यह आयोजन केवल एक शासकीय कर्मचारी की विदाई नहीं है, बल्कि शिक्षा के मंदिर को अपने जीवन के 43 साल सौंपने वाले गुरुजनों के प्रति पूरे समाज द्वारा कृतज्ञता और आभार व्यक्त करने का एक पावन अवसर है। समिति ने क्षेत्र के सभी प्रबुद्ध नागरिकों से समारोह में उपस्थित होने की अपील की है

# बिना तथ्य के भ्रष्टाचार का आरोप लगाना जनता को गुमराह करने का प्रयास - रवि सिन्हा



राजनांदगांव (दावा)। इंदिरा नगर नाला निर्माण कार्य को लेकर लगाए जा रहे भ्रष्टाचार के आरोपों पर वार्ड पार्षद एवं शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रवि सिन्हा ने कड़ा जवाब देते हुए कहा कि बिना किसी तथ्य और प्रमाण के आरोप लगाना केवल राजनीतिक बयानबाजी है। उन्होंने कहा कि जो लोग आज निर्माण कार्य पर सवाल उठा रहे हैं, वे स्वयं लंबे समय तक सत्ता और नगर निगम में महत्वपूर्ण पदों पर रहे। निगम के चेयरमैन रहते हुए भी वे इंदिरा नगर की इस बहुप्रतीक्षित समस्या के समाधान के लिए टेंडर तक जारी नहीं करवा पाए। वर्षों तक क्षेत्र की जनता जलभराव की समस्या से जूझती रही, लेकिन उस समय उन्हें जनता की चिंता नहीं थी।

रवि सिन्हा ने कहा कि महापौर मधुसूदन यादव के नेतृत्व में वर्तमान नगर निगम ने इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता देते हुए तत्काल संज्ञान लिया, विधिवत प्रक्रिया पूरी कर निविदा जारी की और अब निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया है। यह कार्य अभी शुरुआती चरण में है तथा अब तक एक भी भुगतान नहीं हुआ है। ऐसे में भ्रष्टाचार के आरोप लगाना पूरी तरह निराधार, असत्य और जनता को भ्रमित करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि यदि किसी को निर्माण की गुणवत्ता या तकनीकी पक्ष पर कोई वास्तविक आपत्ति है तो उसका स्वागत है और संबंधित विभाग द्वारा नियमानुसार जांच भी कराई जा सकती है, लेकिन बिना किसी प्रमाण के भ्रष्टाचार का आरोप लगाना केवल सस्ती राजनीति है। रवि सिन्हा ने कहा कि भाजपा सरकार और नगर निगम का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य कर जनता को स्थायी राहत देना है। विपक्ष को विकास कार्यों में सहयोग करना चाहिए, न कि निराधार आरोप लगाकर जनता के बीच भ्रम फैलाना चाहिए।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का उल्लंघन करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

मोहला (दावा)। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं निगरानी समिति की बैठक का आयोजन गतदिवस को नगर पंचायत अं.चौकी के सभा कक्ष में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डॉ. हेमेन्द्र भुआर्य की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी एवं कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में डिप्टी कलेक्टर सुश्री सुभागी गुप्ता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अं.चौकी श्रीमती प्रियंवदा रामटेके, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजय पांडे, तहसीलदार श्रीमती अनुरिमा टोप्पो सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि, पशु चिकित्सा, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अधिकारियों ने उपस्थित रहें। बैठक में संबंधित विभागों एवं ग्राम पंचायतों को निर्देश दिए गए कि प्रत्येक कार्यालय, संस्थान तथा कचरा उत्पन्न होने वाले सभी स्थानों पर चार प्रकार के डस्टबिन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही स्रोत स्तर पर ही कचरे का पृथक्करण अनिवार्य रूप से करते हुए जैविक, अजैविक, घरेलू जोखिमयुक्त एवं स्वच्छता अपशिष्ट का पृथक संग्रहण एवं वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। समिति ने स्पष्ट किया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों, संस्थानों एवं संबंधित इकाइयों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा जनजागरूकता अभियान चलाने, नियमित निरीक्षण करने तथा नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक के अंत में उपस्थित अधिकारियों एवं समिति के सदस्यों ने स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित कराने का सामूहिक संकल्प लिया।

# कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय में वन महोत्सव के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित




**वृक्षों से पर्यावरण संतुलित रहता है, शुद्ध वायु प्राप्त होती है तथा मानव स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है - प्राचार्य डॉ. आर.के. ठाकुर**

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय, लाल बहादुर नगर में प्राचार्य डॉ. आर.के. ठाकुर के निर्देशन में जुलाई के प्रथम सप्ताह के अवसर पर वन महोत्सव के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक पौधे लगाकर हरित वातावरण का निर्माण करना था।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आर.के. ठाकुर ने कहा कि पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण का सबसे प्रभावी माध्यम है। वृक्षों से पर्यावरण संतुलित रहता है। शुद्ध वायु प्राप्त होती है तथा मानव स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो. मनोहर बोकड़े, बी.आर. चन्द्रवंशी, डॉ. टी.आर. खान, डॉ. हेमलता गायकवाड़, श्रीमती रीना सलामे, श्रीमती सोनल नागवंशी तथा सूर्यकांत वर्मा का विशेष सहयोग रहा। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के कार्यक्रम अधिकारी अरुण कुमार साहू के मार्गदर्शन में दलनायक रितेश पटेल, उपदलनायक डेकेश्वर, स्वयंसेवक प्रभात कुमार, हिरेंद्र, योगेश, त्रिवेणी सहित अनेक स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लिया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**'कुछ-कुछ होता है' से भारत-इंडोनेशिया....**

अपराध के खिलाफ सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई।भौगोलिक संदर्भ पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है और इसके खिलाफ वैश्विक स्तर पर एकजुट कार्रवाई जरूरी है।

0 संसद में सांस्कृतिक रिश्तों का भी किया जिक्रः अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने रामायण, महाभारत, नालंदा विश्वविद्यालय, गरुड़ और बाली की सांस्कृतिक परंपराओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के रिश्ते केवल कूटनीति तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सदियों पुराने सभ्यतागत संबंधों पर आधारित हैं। उन्होंने भारत के 'वसुधैव कुटुंबकम' और इंडोनेशिया के 'भिन्नेका तुंग्गल इका' (विविधता में एकता) के सिद्धांतों को दोनों लोकतंत्रों की साझा पहचान बताया।

0 भारतीय समुदाय को भी किया संबोधितः जकार्ता में भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में पीएम मोदी ने भारत की विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने करोड़ों लोगों को गरीबी से बाहर निकालने का काम किया है। उन्होंने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और आर्थिक सुधारों का जिक्र करते हुए भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बताया। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में बॉलीवुड फिल्म कुछ कुछ होता है का जिक्र भी किया और कहा कि जब भारत और इंडोनेशिया साथ आगे बढ़ते हैं तो सिर्फ कुछ कुछ नहीं, बल्कि बहुत कुछ होता है।

**बद्रीनाथ चढ़ावा चोरी मामले में एक्शन,**

अथवा अन्य संबंधित व्यक्ति का सहयोग एवं परामर्श प्राप्त कर सकेगी। साथ ही समिति दान-चढ़ावे के प्रबंधन तंत्र को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी एवं प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक सुधारात्मक उपायों एवं सुझावों से भी शासन को अवगत कराएगी।

0 प्रोटोकॉल और थाली भेंट गणना कार्य से जुड़ा था कर्मचारीः आरोपी कर्मचारी बदरीनाथ धाम में प्रोटोकॉल और थाली भेंट गणना कार्य से जुड़ा हुआ था। ये दोनों व्यवस्थाएं मंदिर संचालन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती हैं। प्रोटोकॉल व्यवस्था में पांच कर्मचारी तैनात रहते हैं जबकि थाली भेंट गणना कार्य में छह कर्मचारी अपनी सेवाएं देते हैं। आरोपी कर्मचारी को प्रोटोकॉल का नोडल अधिकारी भी बनाया गया था। जानकारी के अनुसार संबंधित कर्मचारी की तैनाती पूर्व में बीकेटीसी के देहरादून कार्यालय में थी। इस वर्ष उसे बदरीनाथ धाम में नियुक्त किया गया था। हाल ही में उस पर आर्थिक अनियमितता और चढ़ावे में हेराफेरी के आरोप लगने के बाद बीकेटीसी ने मामले की जांच शुरू की।

**ममता साहू बनी राज्य महिला आयोग....**

में नई नियुक्तियों की घोषणा की है। जारी सूची के अनुसार 13 निगम, मंडल, आयोग और बोर्ड में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों सहित कुल 25 लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। 0 सीएम विष्णुदेव साय ने सभी को बधाई दी हैः सीएम विष्णुदेव साय ने कहा- प्रदेश के विभिन्न निगम, मंडल, आयोग, बोर्ड, समिति एवं अन्य संस्थाओं में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति के आदेश जारी किए गए हैं। सभी नव-नियुक्त अध्यक्षों, उपाध्यक्षों एवं सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

**अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट पर गुजरात....**

बम छिपाए थे। आतंकियों ने सार्वजनिक स्थानों और बाजारों के साथ-साथ अहमदाबाद म्युनिसिपल ट्रांसपोर्ट सर्विस की सिटी बसों को भी निशाना बनाया, जिससे विस्फोट की तीव्रता से बसों के परखच्चे उड़ गए। क्रूरता की हद तब पार हो गई जब शुरुआती धमाकों के करीब 40 मिनट बाद दो अलग-अलग अस्पतालों के परिसरों के भीतर भी बम विस्फोट किए गए। इनमें से एक अस्पताल में धमाका ठीक उस वक्त हुआ, जब शुरुआती धमाकों में लहूलुहान और घायल हुए पीड़ितों को इलाज के लिए वहां भर्ती कराया जा रहा था।

**देश में 17 जुलाई से शुरू होगी पहली....**

नहीं होता। एक बार हाइड्रोजन भरने के बाद यह रेलगाड़ी लगभग 250 किलोमीटर तक चल सकेगी। जींद-सोनीपत मार्ग पर संचालन के लिए इसमें लगभग 27 हाइड्रोजन सिलेंडर लगाए गए हैं। रेलगाड़ी में यात्रियों की सुरक्षा के लिए अत्याधुनिक हाइड्रोजन रिसाव पहचान प्रणाली, अग्नि पहचान प्रणाली तथा आधुनिक नियंत्रण प्रणाली स्थापित की गई है। इन सभी प्रणालियों की नियमित जांच और निगरानी की जाएगी ताकि सुरक्षित संचालन सुनिश्चित किया जा सके। इस रेलगाड़ी का अभिकल्प लखनऊ स्थित अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) ने तैयार किया है, जबकि इसका निर्माण चेन्नई स्थित समेकित डिब्बा कारखाना में किया गया है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार इस रेलगाड़ी के निर्माण पर लगभग 89 करोड़ रुपये की लागत आई है। इसे भारतीय रेलवे की ऐतिहासिक उपलब्धियों में शामिल किया जा रहा है। परियोजना के सफल होने पर भविष्य में डीजल आधारित रेलगाड़ियों की निर्भरता कम होगी, ईंधन लागत में कमी आएगी और पर्यावरण संरक्षण को नई मजबूती मिलेगी। भारत की यह पहल देश को उन चुनिंदा राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल करेगी, जिन्होंने हाइड्रोजन ईंधन आधारित रेल तकनीक को अपनाया है।

**एच1बी वीजा, ग्रीन कार्ड और स्टूडेंट.....**

यूनिवर्सिटी और योग्य रिसर्च संस्थाएं कभी भी एच1बी कर्मचारियों को काम पर रख सकती हैं और उन पर सालाना लॉटरी की शर्त भी लागू नहीं होती है। सरकार का प्लान है कि जो एम्प्लॉयर एच1बी कर्मचारियों को थर्ड-पार्टी क्लाइंट साइट पर भेजते हैं, उनके लिए अतिरिक्त शर्तें लागू की जाएं और जिन एम्प्लॉयर का एच1बी नियमों के उल्लंघन का इतिहास रहा है, उनकी ज्यादा बारीकी से जांच की जाए।

**नर्मदा परियोजना का दशकों पुराना.....**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन में जल सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में जल संरक्षण, जल प्रबंधन और राज्यों के बीच सहयोग की नई कार्य संस्कृति विकसित हुई है। वहीं, गृह मंत्री अमित शाह ने बातचीत के हर चरण पर व्यक्तिगत रुचि लेकर दोनों राज्यों के बीच सहमति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके मार्गदर्शन और सतत प्रयासों के कारण तीन दशक से लंबित यह मुद्दा सुलझ गया है। इसके लिए उनका विशेष आभार व्यक्त करता हूं। बता दें कि यमुना जल परियोजना के तहत राजस्थान के हिस्से का 577 एमसीएम यमुना जल हरियाणा स्थित हथिनीकुंड बैराज से लगभग 295.5 किमी लंबी भूमिगत पाइपलाइन से चूरू जिले के हंसियावास जलाशय तक पहुंचाया जाएगा। इस परियोजना पर 34,102 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है।

**केरलम के वायनाड में सुरंग....**

जिले के मंत्रियों के साथ एक आपातकालीन बैठक की और बचाव एवं राहत कार्यों को युद्धस्तर पर समन्वित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मंत्री एपी अनिल कुमार और टी सिद्दीकी को वायनाड जाने और बचाव एवं राहत कार्यों की निगरानी करने का निर्देश दिया है। केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कहा कि कल्लाडी सुरंग निर्माण स्थल पर खुदाई से मलबा नीचे आने से सड़कें अवरुद्ध हैं।

अनाकोम्पॉयिल-मेप्पडी सुरंग परियोजना पिछले साल मलप्पुरम और वायनाड जिलों के बीच संपर्क को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। कैबिनेट मंत्री टी सिद्दीकी ने पत्रकारों को बताया कि यह भूस्खलन लापरवाही की वजह से हुई है और पूरी तरह मानवीय चूक की वजह से है। उन्होंने कहा कि जिला कलेक्टर ने कोंकरण रेलवे को लिखित में भूस्खलन के खतरे की चेतावनी दी थी, उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। घटना ने जुलाई 2024 में वायनाड में हुए विनाशकारी भूस्खलन की याद दिला दी है। उस समय मूसलाधार बारिश ने मेप्पडी क्षेत्र में कई भूस्खलन को जन्म दिया था। हादसे में 400 से अधिक लोग मारे गए थे, कई लोग लापता हो गए थे और चोरालमाला और मुंडक्कई जैसे गांवों में व्यापक विनाश हुआ था। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को वायनाड और कोझिकोड में भी रेड अलर्ट जारी किया है। मलप्पुरम, कन्नूर और कासरगोड में ऑरेंज अलर्ट है।

# रायपुर में साइबर ठगी, चोरी और मारपीट के कई मामले दर्ज, पुलिस ने शुरू की जांच

रायपुर। रायपुर में 6 जुलाई को अलग-अलग थाना क्षेत्रों में साइबर ठगी, चोरी, घरेलू विवाद और मारपीट के कई मामले दर्ज किए गए। सरस्वती नगर थाना क्षेत्र की कृष्णा नगर, कोटा निवासी भाजविका नत्थानी ने शिकायत दर्ज कराई कि अज्ञात आरोपी ने उनके पति का मोबाइल फोन हैक कर बैंक खाते से 90 हजार रुपये निकाल लिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वहीं, दीनदयाल उपाध्याय नगर थाना क्षेत्र के सुंदर नगर में वाहन हटाने की बात को लेकर विवाद हो गया। शिकायत के अनुसार आरोपी ने घर में घुसकर गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी और मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में विवेकानंद स्टेडियम के पीछे एक 17 वर्षीय किशोरी के साथ मारपीट का मामला सामने आया। शिकायत के अनुसार चार आरोपियों ने बिना किसी कारण गाली-गलौज करते हुए धमकी दी और मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आजाद चौक थाना क्षेत्र के लाखे नगर चौक में भी मामूली बात पर विवाद के बाद मारपीट की घटना हुई। आरोपी ने रजा खान के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और मारपीट कर चोट पहुंचाई।

# राजनांदगांव नगर निगम ने विकास, स्वच्छता एवं आधारभूत सुविधाओं के कार्यों को दी गई गति

राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा शहर के समग्र विकास, स्वच्छता, जल निकासी, सड़क सुधार, शैक्षणिक अधोसंरचना एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ संचालित किया जा रहा है।

### चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण

नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष के बजट में शहर के प्रमुख चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव शामिल किया गया है। इसके क्रियान्वयन के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति प्राप्त होने के बाद शहर के प्रमुख चौक-चौराहों का चरणबद्ध विकास किया जाएगा।

### स्वच्छता एवं जल निकासी व्यवस्था

बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति से बचाव के लिए शहर के बड़े नालों एवं नालियों की व्यापक सफाई कराई जा रही है। वार्डों की छोटी नालियों की नियमित सफाई निगम अमले द्वारा की जा रही है। जिला अस्पताल के सामने सहित विभिन्न स्थानों पर नालों से निकाले गए कचरे का सुरक्षित निष्पादन किया जा रहा है। खाली स्थानों एवं प्लॉटों में कचरा फेंकने की प्रवृत्ति रोकने के लिए नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है तथा संबंधित भू-स्वामियों को फेंसिंग कराने के निर्देश दिए जा रहे हैं। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए स्वच्छता दीदियों को निर्धारित समय पर नियमित कचरा संग्रहण सुनिश्चित करने कहा गया है।

### नाला निर्माण एवं जलभराव नियंत्रण

इंदिरा नगर से जिला अस्पताल तक वर्षा जल निकासी की बेहतर व्यवस्था के लिए नाला निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही नार कन्हैया नाला निर्माण परियोजना अंतर्गत आगे बसंतपुर अस्पताल तक नाला निर्माण कराया जाएगा। संबंधित ठेकेदारों को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने तथा निर्माण स्थल पर सुरक्षा संकेतक, बैरिकेडिंग एवं सामग्री का तत्काल निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। तकनीकी अधिकारियों को गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए गए हैं।




### सड़क सुधार एवं वर्षा पूर्व तैयारी

शहर की सड़कों पर पेचवर्क एवं गड्ढों की मरम्मत का कार्य तेजी से किया जा रहा है, ताकि वर्षाकाल में नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। महावीर चौक सहित विभिन्न क्षेत्रों में गड्ढे भरे जा रहे हैं। डामर उपलब्ध होते ही डामरीकरण कार्य भी प्रारंभ किया जाएगा।

### हरित क्षेत्र एवं साफ-सफाई

विद्युत मंडल द्वारा काटी गई झाड़ियों को हटाया जा चुका है तथा सड़क किनारे झाड़ियों की नियमित कटाई निगम की टीम द्वारा की जा रही है। शहर के प्रमुख मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है।

### शैक्षणिक अधोसंरचना का विकास

नगर निगम के ठाकुर प्यारेलाल स्कूल का नियमित रखरखाव किया जा रहा है। वर्तमान बजट में विद्यालय भवन एवं खेल मैदान के जीर्णोद्धार का प्रस्ताव शामिल किया गया है। अन्य विद्यालयों के खेल मैदानों की भी नियमित साफ-सफाई एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

### सुरक्षा एवं जन-जागरूकता

पुलिस प्रशासन द्वारा विभिन्न कोचिंग संस्थानों में विशेष अभियान चलाकर अग्नि सुरक्षा एवं अन्य सुरक्षा मानकों की जांच की गई। नगर निगम द्वारा भी संस्थानों को साफ-सफाई बनाए रखने, डस्टबिन का उपयोग करने तथा आवश्यक नागरिक सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए समझाइश दी जा रही है।

### आवारा पशु एवं डॉग कंट्रोल अभियान

नगर निगम द्वारा आवारा एवं पालतू कुत्तों के नियंत्रण के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अब तक लगभग 1500 कुत्तों का बधियाकरण किया जा चुका है। शिकायत मिलने पर आक्रामक एवं बीमार कुत्तों को तत्काल पकडने् की कार्रवाई की जा रही है। वार्डों में डॉग शेल्टर होम स्थापित करने की प्रक्रिया भी जारी है। पशु चिकित्सालय के माध्यम से प्रतिवर्ष एंटी-रेबीज टीकाकरण कराया जा रहा है। इसी प्रकार बसंतपुर मंडी परिसर में आवश्यकतानुसार साफ-सफाई एवं आवारा मवेशियों की धरपकड़ अभियान भी नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है।

### सार्वजनिक परिसंपत्तियों का जीर्णोद्धार

शहर के लगभग 15 वर्ष पुराने हाईटेक बस स्टैंड का नियमित रखरखाव एवं साफ-सफाई की जा रही है। इसके व्यापक जीर्णोद्धार की विभागीय प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। पुराना गंज चौक स्थित जर्जर भवन को हटाने की प्रक्रिया भी जारी है। भवन खाली होने के बाद नियमानुसार ध्वस्तीकरण किया जाएगा। वहीं औषधालय एवं पुत्रीशाला भवन परिसर में आधुनिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण हेतु सामान्य सभा में प्रस्ताव पारित कर आवश्यक विभागीय कार्रवाई की जा रही है। गंज चौक हाट बाजार के आबंटित दुकानदारों को नियमित व्यवसाय संचालन के लिए नोटिस एवं आवश्यक समझाइश भी दी गई है। नगर पालिक निगम राजनांदगांव शहर के समग्र विकास, स्वच्छता, आधारभूत अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए सतत रूप से कार्य कर रहा है, ताकि नागरिकों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधायुक्त शहरी वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

# अयोध्या में राम मंदिर दानपेटी चोरी मामले में आक्रोश पुजारी पुरोहित संघ ने की सीबीआई जांच की मांग



राजनांदगांव (दावा)। अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे और दानराशि के प्रबंधन में कथित लापरवाही और बड़े पैमाने पर हुई चोरी के मामले को लेकर अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी, आकाश शर्मा एवं अभिषेक चौबे द्वारा जारी एक संयुक्त विज्ञप्ति के अनुसार रामजन्मभूमि ट्रस्ट के प्रबंधन में भारी चूक के चलते दानपेटी से प्रतिदिन लगभग 6 से 8 लाख रुपये की चोरी की बात सामने आ रही है। जांच दल के इस अनुमान के बाद देश के सनातनी समाज में भारी नाराजगी है।

अभा पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी ने इस घटना पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि हमारी आस्था के सर्वोच्च केंद्र पर सुनियोजित तरीके से भारी तादाद में चोरी की गई है। संघ इस घृणित कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करता है। करोड़ों सनातनी हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंचाने वाले इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम की निष्पक्ष और संपूर्ण जांच सीबीआई से कराई जानी चाहिए।

**सुनियोजित तरीके से हुई चोरी : राष्ट्रीय अध्यक्ष**

### धार्मिक आस्था पर चोट बर्दाश्त नहीं : पदाधिकारी

प्रदेश सचिव शिवेंद्र वैष्णव ने मांग की है कि धार्मिक आस्था को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों पर ऐसी कठोरतम कार्रवाई की जाए, जो भविष्य के लिए नजीर बने ताकि कोई दोबारा ऐसा दुस्साहस न कर सके। प्रदेश संगठन सचिव डोमन महाराज ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि संपूर्ण भारत के सनातनी हिंदुओं की धर्मस्थली और श्रद्धा का मुख्य केंद्र है। वहां इस प्रकार की चोरी होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। जिससे हिंदू समाज आहत है। इस संवेदनशील मुद्दे पर संघ की ओर से बुलाई गई आपात चर्चा के दौरान अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के प्रभारी निखिल वैष्णव, मंडलेश्वर राज दुबे, तोफिक शर्मा, अनिल तिवारी, लोकेश दुबे, दिलीप वैष्णव, ज्ञानेश्वर वैष्णव, युगल किशोर वैष्णव, दिनेश पाठक, विवेक त्रिपाठी, विवेक निर्वाणी, महेन्द्र वैष्णव, राजा हलधर दास, दुर्गा प्रसाद तिवारी, भास्कर गुप्ता, अनिल नागवंशी, अमन शर्मा, शोभाकांत पाठक, श्याम वैष्णव, रमाकांत तिवारी, तुषार मिश्रा एवं पंडित ज्ञानेश्वर मिश्रा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। इस पूरे मामले की आधिकारिक जानकारी संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी, अभिषेक चौबे एवं तारक निर्मोही ने संयुक्त रूप से मीडिया को दी।

# आज का पौधा, कल की सांस : वन महोत्सव में बच्चों ने लिया हरियाली बढ़ाने का संकल्प



साल्हेवारा (दावा)। धरती को हराभरा बनाने और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण देने के संकल्प के साथ पूर्व माध्यमिक शाला अचानकपुर में वन महोत्सव के अंतर्गत भव्य पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं वन विभाग के अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक पौधे रोपकर प्रकृति संरक्षण का प्रेरणादायी संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री संजीत मरकाम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक पेड़ माँ के नाम तथा अपने प्रत्येक जन्मदिन पर एक पौधा लगाने का संकल्प जीवनभर निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधा लगाना केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि उसे वृक्ष बनने तक सहेजना और उसकी देखभाल करना ही सच्चा पर्यावरण संरक्षण है। यदि प्रत्येक नागरिक एक पौधा लगाकर उसकी जिम्मेदारी निभाए, तो आने वाले वर्षों में हरियाली, स्वच्छ हवा और बेहतर जलवायु का सपना साकार हो सकता है।

विद्यालय के प्रधान पाठक पन्नालाल जांघेल ने विद्यार्थियों को वृक्षों के पर्यावरणीय, सामाजिक एवं आर्थिक महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि वृक्ष केवल ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि जल संरक्षण, जैव विविधता, जलवायु संतुलन और मानव जीवन की निरंतरता के आधार भी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया तथा उनकी सुरक्षा और नियमित देखभाल का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि वृक्ष केवल प्रकृति की धरोहर नहीं, बल्कि मानव जीवन की अमूल्य पूंजी हैं।

आज लगाया गया एक छोटा-सा पौधा आने वाले वर्षों में असंख्य लोगों को शीतल छाया, स्वच्छ वायु और जीवन का आधार प्रदान करेगा। वन महोत्सव का यह आयोजन विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित करने और वृक्षारोपण को जन-जन का अभियान बनाने की दिशा में एक सार्थक एवं प्रेरणादायी पहल सिद्ध हुआ।

# भाजपा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को जयंती पर किया नमन

डोंगरगढ़ (दावा)। शहर भाजपा मंडल द्वारा सोमवार को स्थानीय विश्राम गृह में पार्टी के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती पर नमन किया।



**एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे - डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी**

इस दौरान मुख्य रूप से प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील चीकू जैन, नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे और अमित जैन ने डॉ. मुखर्जी के विचारों को सबके बीच रखा। कहा कि वक्ता के रूप में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (6 जुलाई 1901 ङ्क 23 जून 1953) एक महान शिक्षाविद, प्रखर राष्ट्रवादी और भारतीय जनता पार्टी के वैचारिक जनक थे। एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का नारा देने वाले मुखर्जी ने कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया था। वे जम्मू-कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाने के लिए लागू परमिट सिस्टम का उन्होंने कड़ा विरोध किया। उनका मानना था कि एक देश में दो विधान नहीं चल सकते। 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में नज़रबंदी के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

उनके देश हितेषी सोच पर ही सभी कार्यकर्ता को आगे चलकर काम करना है । इस अवसर पर पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्रर सिंह बनोवाना, प्रदेश किसान मोर्चा उपाध्यक्ष वीरेंद्र सोनी, शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोवाना, नगर पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, भाजपा नेत्री व नवनियुक्त एल्डरमेन सविता दरगढ़, महामंत्री विनीत यादव, विनय बंसल, महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी यादव, महामंत्री संगीता राजपूत, उपाध्यक्ष वत्सला श्रीवास्तव, अनीता इंदुरकर, युवा मोर्चा अध्यक्ष आकाश सिंह राजपूत, महामंत्री शुभम अग्रवाल, पार्षद शारदा यादव, डीकेश राव, अनीश निर्मलकर, हरीश मोटघरे, शिवांगी साखरे, रतन कोसे, पूजा ब्रिज नामदेव, जितेंद्र हिरवानी, अलंकृत शर्मा, रूपेंद्र इंदुरकर, जयंत साहु, अक्षय यादव, रामकुमार ड़डसेना ,चितरंजन साहू, मयूर बिंदल, सुधा श्रीवास्तव, हेमलता तिवारी, सुमित मिश्रा, कन्हैया अग्रवाल, विजित, लोकेश इंदुरकर, अनिल लांजेवार, महेश सहारे, अजय शर्मा, चेतन साहू, डिंपी महापात्र सहित अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोवाना द्वारा आभार प्रकट किया गया।

# नगर पालिका कर्मचारी नंदू टेकाम 37 वर्ष की बेदाग सेवा के बाद सेवानिवृत्त, गोंड़वाना समाज ने दी बधाई

कल्लूबंजारी/डोंगरगढ़ (दावा)। आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज ब्लॉक इकाई छुरिया-डोंगरगढ़ के अध्यक्ष दिनेश कुरेटी 'दिलेर' ने बताया कि डोंगरगढ़ निवासी नंदू टेकाम नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के जल आपूर्ति विभाग में पंप लाइन मैन के पद पर अपनी 37 वर्षों की दीर्घकालीन और बेदाग सेवा पूरी करने के बाद सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्त हो गए हैं। 22 जून 1964 को जन्मे श्री टेकाम ने 23 मई 1988 से अपनी सेवा शुरू की थी। उन्होंने शासकीय दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ किया। 30 जून 2026 को नगर पालिका निगम द्वारा आयोजित विदाई समारोह और भव्य रैली में सैकड़ों लोगों की उपस्थिति ने उनकी लोकप्रियता को साबित कर दिया।



**कम वेतन में भी सामाजिक हित के लिए बड़ाई मिसाल : बस्तर के शहीद गुंडाधुर की प्रतिमा निर्माण में दिया स्वयं का अंशदान**

नंदू टेकाम ने न केवल अपना विभागीय कार्य पूरी निष्ठा से किया, बल्कि सामाजिक सरोकारों में भी अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज ब्लॉक इकाई छुरिया-डोंगरगढ़ के छठवें डोंगरगढ़ सर्कल के गठन और उसे ब्लॉक इकाई से जोड़ने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद हीरा देव सिंह जी मांझी (कंगला मांझी) द्वारा वर्ष 1952 में स्थापित मां दंतेवाड़नि एवं बूढ़ालपेन पेनठाना पहाड़ी (डोंगरगढ़) की सेवा हेतु गठित समिति के वे अध्यक्ष हैं, जहां वे पूरी टीम भावना से सक्रिय हैं।

श्री टेकाम ने अपनी सीमित आय और छोटे शासकीय पद पर रहते हुए भी सामाजिक कल्याण के लिए अनुकरणीय उदारता दिखाई है। उन्होंने अपनी निजी संचित राशि से छत्तीसगढ़ (बस्तर) के महान अमर शहीद गुंडाधुर की भव्य प्रतिमा का निर्माण कराया है, जिसे आगामी वर्ष डोंगरगढ़ में स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। उनकी यह भावना उन शासकीय सेवकों के लिए एक आईना है जो व्यस्तता का बहाना बनाकर सामाजिक कार्यों से जी चुराते हैं। वह अपनी टीम के सर्कल अध्यक्ष दुखूराम हुर्रे एवं कोषाध्यक्ष गोवर्धन मर्सकोले के साथ मिलकर लगातार रचनात्मक कार्य कर रहे हैं। आगामी कोयतुर गोंड़वाना युवा महोत्सव, सामाजिक कार्यशाला और शहीद गुंडाधुर प्रतिमा स्थापना में भी उनकी मुख्य भूमिका रहेगी। उनकी इस बेदाग और गौरवपूर्ण सेवानिवृत्ति पर आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज के संरक्षक दिलीप कोरेटी, अध्यक्ष दिनेश कुरेटी दिलेर, उपाध्यक्ष जनाराम काटेंगी व सरिता मंडावी, सचिव समन लाल उइके, सहसचिव एवन कुमार आचले, प्रवक्ता कमलेश कोर्राम, कोषाध्यक्ष रेवसिंह उइके, दुखूराम हुर्रे सहित समस्त पदाधिकारियों एवं सामाजिक जनों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके सुदीर्घ व स्वस्थ जीवन की कामना की है।

## विधायक भोलाराम की मौजूदगी में युवाओं ने थामा कांग्रेस का दामन



छुरिया (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू की कार्यशैली एवं नेतृत्व से प्रभावित होकर ग्राम पंचायत कुमर्दा के चार युवाओं ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

यह कार्यक्रम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमर्दा के अध्यक्ष प्रताप घावड़े की उपस्थिति में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कुमर्दा के डेविड कौशल, हीरेन्द्र पिस्दा, भावेश साहू एवं राकेश चुरेन्द्र ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली।

इस अवसर पर विधायक भोलाराम साहू ने सभी नवप्रवेशी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस का गमछा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया और संगठन की विचारधारा के अनुरूप जनसेवा तथा क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। विधायक श्री साहू ने कहा कि युवाओं का कांग्रेस परिवार से जुड़ना संगठन की मजबूती का प्रतीक है। उनके जुड़ने से क्षेत्र में पार्टी और अधिक सशक्त होगी तथा जनहित के कार्यों को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर मोहित भुआर्य (गिदर्री), चन्द्रकला सरपंच (गिदर्री), कोमल मंडावी (महरूम) सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खैरागढ़ में भाजपा का भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन : डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती वर्ष पर भरी हुंकार

खैरागढ़ (दावा)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर शिक्षाविद् एवं महान राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती वर्ष के गौरवमयी अवसर पर एक विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में खैरागढ़ जिले के बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों और जमीनी कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, आगामी कार्ययोजनाओं और डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण कार्यक्रम को गति देने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

### शून्य से शिखर तक पहुंचने वाले व्यक्तित्व थे डॉ. मुखर्जी : खूबचंद पारख

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं भाजपा के प्रदेश संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी अल्पकाल में ही शून्य से शिखर तक पहुंचने वाले एक असाधारण और महान व्यक्तित्व थे। राष्ट्रहित में किया गया उनका सर्वोच्च बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। श्री पारख ने विशेष रूप से कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने के ऐतिहासिक संदर्भ को समझाते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी का एक देश में दो निशान, दो प्रधान के खिलाफ जो आंदोलन था। उसे आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा किया गया है। उन्होंने केंद्र व राज्य की विष्णुदेव साय सरकार की जनहितैषी योजनाओं को हर वर्ग तक पहुंचाने की बात कही।




**डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण को बूथ स्तर तक ले जाने का संकल्प, मुख्य वक्ता खूबचंद पारख ने डाला अंत्योदय और धारा 370 पर प्रकाश**

### इतिहास और बलिदानियों के त्याग को याद रखना जरूरी : विक्रांत सिंह

जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा आज अपनी सशक्त और राष्ट्रहितैषी विचारधारा के बल पर ही विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। आज हम जिस अनुकूल और सुरक्षित वातावरण में रह रहे हैं, वह डॉ. मुखर्जी जैसे अनेक महान बलिदानियों के त्याग और समर्पण का परिणाम है। 1951 में जनसंघ की स्थापना कर उन्होंने देश को एक मजबूत राष्ट्रवादी विकल्प दिया था। उन्होंने इस प्रकार के सम्मेलनों को बूथ स्तर तक आयोजित करने का सुझाव दिया।

### डिजिटल लर्निंग से मजबूत होगा संगठन : घम्मन साहू

इससे पहले कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आधुनिक तकनीक और डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाएं। तकनीक के माध्यम से संगठन को और अधिक पारदर्शी व मजबूत बनाया जा सकता है। समारोह का कुशल संचालन जिला भाजपा महामंत्री नवनीत जैन ने किया। जबकि कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों के प्रति आभार प्रदर्शन डॉ. बिशेषर साहू द्वारा किया गया। इस वृहद कार्यकर्ता सम्मेलन में शशांक ताम्रकार, टीके चंदेल, राजेश अग्रहरि, जैनेन्द्र जंघेल, भीखू हिरवानी सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व मातृशक्ति उपस्थित थी।

# ठाकुरटोला टोल प्लाजा और नेशनल हाईवे की बदहाली पर फूटा कांग्रेस का गुस्सा, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### नियम विरुद्ध टोल वसूली बंद करने और व्यवस्था सुधारने की मांग, जितेंद्र मुदलियार ने दी बड़े आंदोलन की चेतावनी

**राजनांदगांव (दावा)।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को जीई रोड की अव्यवस्थाओं और राष्ट्रीय राजमार्ग के खराब रखरखाव को लेकर जिला प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के नेतृत्व में कांग्रेसी नेताओं ने कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से ठाकुरटोला टोल प्लाजा में एक लेन बंद रहने से लग रहे जाम, राजनांदगांव पासिंग (सीजी 08) के वाहनों से नियम विरुद्ध टोल वसूली, बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों और सीआईटी कॉलेज बाईपास चौराहे की तकनीकी खामियों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही जनता को इस बदहाली से राहत नहीं मिली, तो सड़क पर उतरकर उग्र जनआंदोलन किया जाएगा।



#### वाहनों से अवैध वसूली और लग रहा लंबा जाम

शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने टोल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ठाकुरटोला टोल प्लाजा में एक लेन बंद होने के कारण रोजाना वाहनों का लंबा जाम लग रहा है। इसके अलावा, शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद राजनांदगांव पासिंग (सीजी 08 सीरीज) के टोलमुक्त वाहनों से भी नियम विरुद्ध शुल्क वसूला जा रहा है। जिससे स्थानीय वाहन स्वामियों में भारी आक्रोश है। टोल प्रबंधन व्यवस्था सुधारने के बजाय केवल वसूली पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

#### अंधेरे में डूबा नेशनल हाईवे, सड़कों पर जानलेवा गड्ढे

कांग्रेस ने राष्ट्रीय राजमार्ग के रखरखाव पर सवाल उठाते हुए कहा कि पहली ही बारिश में कई स्थानों पर सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं और जानलेवा गड्ढे उभर आए हैं। जल निकासी (ड्रेनेज) की व्यवस्था न होने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। इसके साथ ही हाईवे पर लगीं स्ट्रीट लाइटें और हाईमास्ट लंबे समय से बंद पड़ी हैं। जिससे रात के समय पूरे मार्ग पर अंधेरा छाया रहता है। संगठन ने इन लाइटों की तत्काल मरम्मत कर नियमित रखरखाव की जवाबदेह व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

#### सीआईटी कॉलेज बाईपास चौराहा बना एक्सीडेंट जोन

ज्ञापन में सीआईटी कॉलेज के पास बाईपास पर बने गोल चौराहे (रोटरी) के त्रुटिपूर्ण डिजाइन पर भी गंभीर आपत्ति जताई गई। मुदलियार ने कहा कि इस चौराहे का आकार तकनीकी दृष्टि से गलत है, जिससे भारी वाहनों को मोड़ने में अत्यधिक कठिनाई होती है और कई गाड़ियां असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो चुकी हैं। कांग्रेस ने विशेषज्ञों से इसका तकनीकी परीक्षण कराकर नया सुरक्षित डिजाइन तैयार करने की मांग की है।

#### कांग्रेस ने ज्ञापन में रखीं ये मुख्य मांगें

टोल प्लाजा की सभी बंद लेन तत्काल चालू की जाएं। स्थानीय छूट 08 वाहनों से की जा रही अवैध टोल वसूली की जांच हो। नेशनल हाईवे की सड़कों की मरम्मत, गड्ढों की भराई और ड्रेनेज व्यवस्था दुरुस्त हो। बंद पड़ी सभी स्ट्रीट लाइटें और हाईमास्ट लाइटें तुरंत चालू की जाएं। सीआईटी कॉलेज बाईपास रोटरी की तकनीकी जांच कर सुधार किया जाए। इस दौरान प्रमुख रूप से रूपेश दुबे, प्रवीण मेश्राम, कमलजीत सिंह पिंटू, हरिनारायण धकेता, प्रेम रूचंदानी, विनय झा, अशोक पंजवानी, वीरेंद्र चंद्राकर, प्रदीप राठौड़, लक्ष्मण साहू, राजा तिवारी, राकेश चंद्राकर, ललित मरकाम, सुरेंद्र गजभिए, नरेश साहू, शरद खंडेलवाल, सीताराम श्रीवास, सुरेंद्र देवांगन, ऋषि शास्त्री, राजा यादव, महेंद्र सिंह बहादुर, हर्ष खोबरागढ़े, नरेंद्र बिजलेकर, रूपेश कुमार साहू, शैलेश जैन और अरशद खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बारिश से बसंतपुर मंडी में भीगा करोड़ों का धान, किसान और व्यापारी परेशान

### नाली सफाई न होने से लबालब भरा पानी; सुरक्षित शेड में रखा है जला बारदाना, असुरक्षित पड़ा रहा अन्नदाताओं का अनाज



राजनांदगांव (दावा)। शनिवार को शहर सहित जिले भर में हुई मूसलाधार बारिश ने जहां एक ओर पूरे शहर को जलमग्न कर दिया। वहीं दूसरी ओर बसंतपुर स्थित गंज मंडी परिसर में भी भारी जलभराव हो गया। जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण मंडी परिसर में लबालब पानी भर गया। जिससे वहां खुले में रखा किसानों व व्यापारियों का हजारों क्विंटल धान पानी में डूब गया। इस लापरवाही से लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

#### निचले हिस्से में भरा पानी, 2000 कट्टा धान डूबा

मंडी के व्यापारियों, आढ़तियों और श्रमिकों के अनुसार परिसर में स्थित नाले-नालियों की नियमित साफ-सफाई नहीं होने के कारण पहली ही तेज बारिश में पूरा परिसर तालाब बन जाता है। शनिवार को हुई मूसलाधार बारिश के चलते मंडी के निचले हिस्से (छोटे प्लॉट) में रखा लगभग 1500 से 2000 कट्टा धान पूरी तरह भीग गया। हैरानी की बात यह है कि इस निचले हिस्से की ऊंचाई बढ़ाने का प्रस्ताव पास करके उच्च स्तर पर भेजा जा चुका है, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण इस पर अब तक कोई काम शुरू नहीं हो सका है।

#### लापरवाही : शेड में सुरक्षित रखा जला बारदाना, धान को छोड़ा बेसहारा

मंडी प्रबंधन के दावों की पोल खोलते हुए स्थानीय लोगों ने बताया कि इस भारी नुकसान को आसानी से टाला जा सकता था। मंडी के सुरक्षित शेड के भीतर किसी ट्रक का लगभग 3000 कट्टा जला हुआ बारदाना अनावश्यक रूप से भरकर रखा गया है। अधिकारियों ने उस बेमतलब के जले बारदाने को तो सुरक्षित छत मुहैया करा दी, लेकिन अन्नदाताओं और व्यापारियों के कीमती धान को खुले आसमान के नीचे छोड़ दिया गया। यदि इस जले बारदाने की जगह किसानों का धान शेड में रखवाया जाता, तो लाखों का नुकसान होने से बच जाता।मंडी परिसर में जलभराव होने से केवल किसान ही नहीं, बल्कि आसपास के रिहायशी इलाकों के लोग भी त्रस्त हैं। मंडी से पानी की निकासी का रुख निजी कॉलोनियों की तरफ होने के कारण नाले-नालियों का गंदा पानी और सड़े हुए अनाज का बदबूदार पानी सीधे लोगों के घरों और कॉलोनियों में प्रवेश कर रहा है। जिससे स्थानीय निवासियों का जीना मुहाल हो गया है।

#### दो दिन बाद उतरा पानी, खरीदी कार्य ठप

शनिवार को हुए जलभराव का पानी दो दिनों की मशक्कत के बाद सोमवार को उतर पाया। पानी कम होने के बाद मंडी में थोड़ी चहल-पहल तो जरूर लौटी है, लेकिन जलभराव और भारी नुकसान को देखते हुए फिलहाल किसानों ने मंडी में धान लाना बंद कर दिया है। अनाज की आवक न होने से मंडी में खरीदी का कार्य पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है।

# महंत राजा बलराम दास शासकीय विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव और साइकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय महंत राजा बलराम दास शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ शाला प्रवेश उत्सव और साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस गरिमामय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व महापौर मधुसूदन यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत और स्थानीय वार्ड पार्षद प्रमोद झांझड़े विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर स्कूल पहुंचे नए विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और मुंह मीठा कराकर आत्मीय स्वागत किया गया। इसके साथ ही राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजना के तहत स्कूल की छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण भी किया गया।



**पूर्व महापौर मधुसूदन यादव और भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की उपस्थिति में हुआ गरिमामय आयोजन**

#### सफलता के लिए एकाग्रता और नियमितता जरूरी

अपने संबोधन में पूर्व महापौर मधुसूदन यादव ने छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता के लिए अच्छी शिक्षा बहुत जरूरी है और इसके लिए बच्चों को पूरी तरह एकाग्रचित्त होकर पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने विद्यालय की विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके त्वरित समाधान का हरसंभव प्रयास करने का भरोसा दिलाया। वहीं विद्यालय के प्राचार्य माधव सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को शाला में नियमित उपस्थित रहने की समझाइश दी। उन्होंने कहा कि छात्र शासन द्वारा दी गई साइकिलों का नियमित उपयोग करें, ताकि वे समय पर स्कूल पहुंच सकें और अपनी पढ़ाई को बेहतर बना सकें।

#### अतिथियों को स्कूल की समस्याओं से कराया अवगत

समारोह के दौरान शाला विकास समिति के अध्यक्ष मुकेश बघेल ने अतिथियों का ध्यान विद्यालय की व्यावहारिक दिक्कतों की ओर आकर्षित किया। उन्होंने स्कूल में शिक्षकों की कमी सहित अन्य विभिन्न बुनियादी समस्याओं से अतिथियों को अवगत कराया और जल्द से जल्द नई नियुक्तियों व व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। इस सफल कार्यक्रम का शानदार मंच संचालन वरिष्ठ व्याख्याता शारदा प्रसाद तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं, शाला विकास समिति के सदस्य, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। उक्त जानकारी विद्यालय के व्याख्याता हेमंत सिंह द्वारा दी गई।

# आज से हाई और हायर सेकेंडरी की द्वितीय मुख्य अवसर परीक्षा प्रारंभ, जिले में बनाए गए 44 केंद्र

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आज 8 जुलाई (बुधवार) से हाईस्कूल (10वीं) और हायर सेकेंडरी स्कूल (12वीं) के विद्यार्थियों के लिए द्वितीय मुख्य अवसर परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। पखवाड़े भर तक चलने वाली यह परीक्षा आगामी 22 जुलाई तक आयोजित होगी।

**1958 परीक्षार्थी परीक्षा में होंगे शामिल, नकल रोकने के लिए जिला और ब्लॉक स्तर पर उड़नदस्ता दल गठित**

परीक्षा का समय सुबह 9 से दोपहर 12:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए स्थानीय प्रशासन और शिक्षा विभाग द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

राजनांदगांव शहर में परीक्षा के सुचारू प्रबंधन के लिए दो प्रमुख समन्वय केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें स्टेट हाईस्कूल और महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शाला शामिल हैं। शहर के केंद्रों में दसवीं के 370 तथा बारहवीं के 450 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। विभागीय सूत्रों के अनुसार, पूरे जिले में कुल 44 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां कुल 1958 परीक्षार्थी अपनी परीक्षा देंगे। इनमें हाईस्कूल (10वीं) के 827 और हायर सेकेंडरी (12वीं) के 1133 छात्र-छात्राएं शामिल हैं।

#### गोपनीय सामग्री का वितरण, थानों से निकलेंगे प्रश्न पत्र

स्टेट स्कूल के व्याख्याता एस.के. तिवारी ने बताया कि स्टेट स्कूल को भी इस परीक्षा का केंद्र बनाया गया है। परीक्षा से जुड़ी सभी गोपनीय सामग्रियां 6 जुलाई को ही संबंधित केंद्रों को वितरित कर दी गई थीं। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए हर परीक्षा के दिन प्रश्न पत्र संबंधित थानों से कलेक्टर द्वारा नामांकित अधिकारी की उपस्थिति में ही बाहर निकाले जाएंगे। परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर विवेक कुमार को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

#### नकल रोकने के लिए विशेष उड़नदस्ता सक्रिय

परीक्षाओं में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या नकल को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। जिला और ब्लॉक स्तर पर विशेष उड़नदस्ता (फ्लाइंग स्क्वाड) टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें परीक्षा के दौरान विभिन्न केंद्रों का औचक निरीक्षण करेंगी। अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था चुस्त रहेगी ताकि विद्यार्थी शांतिपूर्ण और अनुशासित माहौल में अपनी परीक्षा दे सकें।

# छत्तीसगढ़ ढाबा में बिठाकर पिलाई जा रही थी शराब, पुलिस रेड में संचालक गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। तुमड़ीबोड़ पुलिस ने क्षेत्र में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई की है। डोंगरगढ़ रोड स्थित छत्तीसगढ़ ढाबा में ग्राहकों को अवैध रूप से बिठाकर शराब पिलाने और चखना परोसने वाले ढाबा संचालक को पुलिस ने रंगे हाथों धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है।

तुमड़ीबोड़ चौकी प्रभारी उप निरीक्षक धनीराम नारंगे ने बताया कि मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली कि छत्तीसगढ़ ढाबा में आने-जाने वाले लोगों को अवैध रूप से शराब पिलाई जा रही है। सूचना की तस्दीक करने पहुंची पुलिस टीम ने जब ढाबे पर अचानक रेड मारी, तो वहां बैठकर शराब पी रहे लोग पुलिस को देखकर मौके से भाग निकले।



पुलिस ने घेराबंदी कर ढाबे में मौजूद व्यक्ति को दबोच लिया, जिसने पूछताछ में अपना नाम मनीष तेजवानी पिता निर्मल तेजवानी, निवासी नंदई चौक बताया और खुद को ढाबे का संचालक होना स्वीकार किया। पुलिस ने ढाबा परिसर की तलाशी लेने पर मौके से 3 पौवा देशी प्लेन शराब और 02 खाली पौवा, 4 डिस्पोजेबल गिलास (शराब की गंध युक्त) एवं नमकीन के खाली रैपर, शराब पिलाकर अवैध रूप से अर्जित की गई 300 रुपये नगद राशि आदि है। आरोपी मनीष तेजवानी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 36(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। क्षेत्र में इस तरह की अवैध गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों से ही भारत बना विश्व की सशक्त शक्ति - यशवंत जैन




राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान शिक्षाविद्, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं भारत की अखंडता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म जयंती जिले भर में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। जिले के सभी 16 मंडलों में स्मरण दिवस एवं संगोष्ठियों का आयोजन कर कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित मुख्य संगोष्ठी में भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में यशवंत जैन ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय एकता की जिस विचारधारा का निर्माण किया, उसी के मार्ग पर चलकर आज भारत विश्व की अग्रणी शक्तियों में शामिल हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डॉ. मुखर्जी के सपनों का भारत साकार हो रहा है। धारा 370 की समाप्ति सहित अनेक ऐतिहासिक निर्णय उनके अधूरे संकल्पों को पूर्ण करने वाले हैं। डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्रहित, त्याग और अदम्य साहस की अमर गाथा है। जिससे प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रेरणा लेनी चाहिए।

**नए बस स्टैंड का नाम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर रखने एवं आदमकद प्रतिमा स्थापित करने के प्रस्ताव का महापौर मधुसूदन यादव ने किया समर्थन**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने राजनांदगांव के नवनिर्मित बस स्टैंड का नाम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बस स्टैंड रखने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले महापुरुष के सम्मान में यह कदम राजनांदगांव की ओर से सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस प्रस्ताव को महापौर मधुसूदन यादव ने अत्यंत गंभीरता से स्वीकार करते हुए मंच से तत्काल अपना समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने घोषणा की कि इस प्रस्ताव को राज्य शासन के समक्ष प्रमुखता से रखा जाएगा तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के सहयोग से इसे शीघ्र मूर्त रूप दिलाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। महापौर ने यह भी घोषणा की कि नए बस स्टैंड परिसर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की भव्य आदमकद प्रतिमा स्थापित कराने का भी प्रयास किया जाएगा, जिससे आने वाली पीढ़ियां उनके राष्ट्रवादी विचारों और बलिदान से प्रेरणा प्राप्त कर सकें।

वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर में अलग संविधान, अलग निशान और अलग व्यवस्था का डटकर विरोध किया तथा 'एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेंगे' के संकल्प के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनका जीवन राष्ट्रभक्ति और अखंड भारत के संकल्प का अमर प्रतीक है।

कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव एवं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पुष्पा गायकवाड़ ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सौरभ कोठारी ने तथा आभार प्रदर्शन आभा तिवारी ने किया। इस अवसर पर भरत वर्मा, दिनेश गांधी, सचिन बघेल, पूर्णिमा साहू, मनोज निर्वाणी, तरुण लहरवानी, राजा मखीजा, रवि सिन्हा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पंडवानी गायिका तीजन बाई को भी श्रद्धांजलि दी गई। संगोष्ठी सभा में छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध पंडवानी गायिका पद्मश्री पदम विभूषण तीजन बाई के दुखद निधन को छत्तीसगढ़ की बडी क्षति बताते हुए 2 मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी गई।

# रेल्वे ओवरब्रिज में ब्लैक सॉइल बेल्ट में तकनीकी मानकों की अनदेखी पड़ी भारी, धंसाव और दरारों से गुणवत्ता पर उठे सवाल

राजनांदगांव (दावा)। जिले में नवनिर्मित बरगा, आलीवारा और मुसरा रेलवे ओवरब्रिज के एप्रोच मार्ग पहली ही तेज बारिश के बाद बुरी तरह प्रभावित हो गए हैं। इस घटना ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और अपनाई गई तकनीकी प्रक्रियाओं को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रारंभिक तकनीकी विश्लेषण के अनुसार ये तीनों परियोजनाएं ब्लैक सॉइल (काली मिट्टी) बेल्ट के अंतर्गत आती हैं। जहां सडक़ निर्माण के लिए विशेष वैज्ञानिक सावधानियां बरतना अनिवार्य होता है, लेकिन यहां ऐसा नहीं किया गया।



**पहली ही बारिश ने खोली पोलः करोड़ों की लागत से बने तीन नए रेलवे ओवरब्रिज के एप्रोच मार्ग धंसे, निर्माण कार्य पर उठे गंभीर सवाल**

#### ब्लैक सॉइल क्षेत्र में क्यों जरूरी थी अतिरिक्त सावधानी?

सिविल इंजीनियरिंग विशेषज्ञों का कहना है कि ब्लैक सॉइल (काली मिट्टी) की सबसे बड़ी विशेषता इसका मौसम के अनुसार सिकुड़ना और फैलना है। इस प्रकार की मिट्टी पर जब भी सड़क या एप्रोच मार्ग का निर्माण किया जाता है तो सबग्रेड (आधार परत) को पर्याप्त समय तक प्राकृतिक रूप से बैठने (सेटलमेंट) देना बेहद आवश्यक होता है।

#### विशेषज्ञों के अनुसार

यदि मुरुम से तैयार किए गए अर्थवर्क (मिट्टी के काम) को सेट होने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिलता और जल्दबाजी में ऊपरी परतें बिछा दी जाती हैं, तो पहली ही तेज बारिश में मिट्टी धंस जाती है। इस बेल्ट में केवल मुरुम डालना काफी नहीं होता। प्रत्येक परत पर निर्धारित मात्रा में वॉटरिंग (पानी डालना), उच्च गुणवत्ता का कंपैक्शन और फील्ड डेंसिटी टेस्ट जैसी प्रक्रियाओं का कड़ाई से पालन करना जरूरी है। सबग्रेड को कम से कम एक अच्छे मानसून या पर्याप्त प्राकृतिक सेटलमेंट के बाद ही अंतिम रूप दिया जाना चाहिए था।

#### पुल संरचना सुरक्षित, पर एप्रोच रोड पर बड़ा नुकसान

राहत की बात यह है कि तकनीकी विशेषज्ञों के प्रारंभिक आकलन के अनुसार तीनों ओवरब्रिज की मुख्य पुल संरचना फिलहाल पूरी तरह सुरक्षित है। नुकसान मुख्य रूप से पुल को जोडने वाली एप्रोच रोड के नीचे तैयार किए गए सबग्रेड और अर्थवर्क में हुआ है। बरगा में सड़क पर बड़ी-बड़ी दरारें दिखाई दी हैं। जबकि आलीवारा और मुसरा में भी एप्रोच मार्ग धंसने से प्रभावित हुए हैं।

#### तकनीकी जांच रिपोर्ट पर टिकी निगाहें

सड़कों के धंसने की असली वजह क्या है। इसका खुलासा अब विस्तृत भू-तकनीकी एवं संरचनात्मक जांच के बाद ही हो सकेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि जांच के दौरान सबग्रेड की गुणवत्ता, कंपैक्शन रिपोर्ट, मिट्टी परीक्षण, ड्रेनेज व्यवस्था और निर्माण के दौरान अपनाई गई तकनीकी प्रक्रियाओं की बारीकी से स्क्रूटनी की जानी चाहिए। अब सभी की निगाहें आने वाली तकनीकी जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं। जिससे यह स्पष्ट होगा कि यह क्षति केवल प्राकृतिक परिस्थितियों के कारण हुई है या फिर निर्माण एजेंसी द्वारा तकनीकी मानकों में की गई किसी बड़ी चूक का परिणाम है।

आवश्यकता है
DPS BOYS
हॉस्टल के लिए
वार्ड बॉय की
दिल्ली पब्लिक स्कूल
बनभेड़ी, जी.ई. रोड, राजनांदगांव
मो.- 62610-72421

(हेमंत साहू) 98271-56852 94241-15737
शिव बोरवेल्स एवं प्रापर्टी डिलिंग
• हर तरह की बोरिंग कार्य हेतु संपर्क करे
• सभी प्रकार के सबमर्सिबल पंप के विक्रेता
• पाईप फिटिंग एवं सेनेटरी की सुविधा
नंदई, कुआं चौक राजनांदगांव (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com